

प्रधानमंत्री मोदी 28 सितंबर को करेंगे मन की बात, कार्यक्रम के लिए भेजें अपने विचार एवं सुझाव

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



बिहार मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजनाः 22 सितंबर को मुख्यमंत्री जारी करेंगे पहली किस्त

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 264 | रायपुर | शनिवार 20 सितंबर 2025 | विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


## प्रधानमंत्री ने प्रिंस चार्ल्स तृतीय द्वारा उपहार में दिया गया कदम्ब का पौधा लगाया



पीआईबी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर आज कदम्ब का एक पौधा लगाया, जो उन्हें प्रिंस चार्ल्स तृतीय ने उपहार में दिया था। श्री मोदी ने कहा, ÷पर्यावरण और स्थिरता के प्रति वे बेहद भावुक हैं, और यह विषय हमारे विचार-विमर्श में भी शामिल होता है।÷ श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा : 7, लोक कल्याण मार्ग पर आज सुबह, एक कदम्ब का पौधा लगाया, जो प्रिंस चार्ल्स तृतीय द्वारा उपहार में दिया गया था। वे पर्यावरण और स्थिरता के प्रति बेहद भावुक हैं, और यह एक ऐसा विषय है जिस पर हम अपने विचार-विमर्श के दौरान चर्चा करते हैं।÷

## बॉम्बे हाईकोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी, खाली कराया गया कैंपस पुलिस ने चप्पा-चप्पा छाना

**मुंबई ।** बॉम्बे हाईकोर्ट को आज यानी शुक्रवार सुबह एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर एक धमकी भरा ईमेल मिलने के तुरंत बाद, मुंबई पुलिस की टीम और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और पूरे परिसर की सघन तलाशी ली। हालांकि, घंटों की जांच के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, जिसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। मुंबई पुलिस ने एक बयान में जानकारी दी कि धमकी मिलने के बाद मानक प्रक्रिया के तहत उच्च न्यायालय परिसर की पूरी तरह से जांच की गई, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। गौरतलब है कि ठीक एक हफ्ते पहले भी ऐसी ही धमकी दी गई थी। बता दें कि बीते शुक्रवार, 12 सितंबर को भी हाईकोर्ट को इसी तरह का धमकी भरा ईमेल मिला था। उस समय मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट प्रशासन ने सभी जजों, वकीलों, कर्मचारियों और अन्य लोगों को तुरंत कोर्ट परिसर खाली करने का आदेश दिया था।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात का दौरा करेंगे


# समुद्र से समृद्धिः प्रधानमंत्री मोदी गुजरात को देंगे 26,354 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 सितंबर को गुजरात का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री भावनगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि देशभर में समुद्री और बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने वाली हैं।

प्रधानमंत्री सुबह 10:30 बजे भवनगर में आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरे में समुद्री क्षेत्र से जुड़ी 7,870 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें मुंबई में बने आधुनिक International Cruise Terminal, कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर नया कंटेनर टर्मिनल, Paradip Port, Tuna Tekra Multi-Cargo Terminal, Ennore, Chennai और Car Nicobar जैसे महत्वपूर्ण बंदरगाहों पर नई सुविधाओं का विकास शामिल है।

इसके अलावा कांडला पोर्ट पर ग्रीन बायो-मेथनॉल प्लांट और वाराणसी व पटना में शिप रिपेयर सुविधाओं की भी नींव रखी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी भावनगर के Chhara Port पर HPLNG Regasification Terminal का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा गुजरात IOCL रिफाइनरी में Acrylics & O&o Alcohol प्रोजेक्ट, 600 मेगावाट की Green Shoe Initiative, किसानों के लिए PM-KUSUM योजना के तहत 475 मेगावाट का सोलर फीडर, 45 मेगावाट का Badeli Solar PV प्रोजेक्ट और कच्छ के धोरडो गांव का संपूर्ण सौरकरण शामिल है। स्वास्थ्य क्षेत्र में भावनगर और जामनगर के सरकारी अस्पतालों के विस्तार, और 70 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण जैसी परियोजनाएं भी इस दौरे का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे के दौरान Dholera Special Investment Region (DSIR) का हवाई सर्वेक्षण भी करेंगे। यह क्षेत्र एक आधुनिक, हरित औद्योगिक शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। इसके बाद वे लोथल में निर्माणाधीन National Maritime Heritage Comple& (NMHC) की प्रगति की समीक्षा करेंगे। लगभग 4,500 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह केंद्र भारत की प्राचीन समुद्री परंपराओं को संरक्षित करने के साथ-साथ पर्यटन, शोध, शिक्षा और स्किल डेवेलपमेंट का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।





### राज्य के हाइवे नेटवर्क को मिलेगा बूस्ट

भावनगर कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन का हवाई सर्वेक्षण करेंगे. यह क्षेत्र एक ग्रीनफील्ड इंडस्ट्रियल सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां स्मार्ट इंफ्रस्ट्रक्चर और सतत औद्योगिकीकरण पर खास जोर है. दोपहर करीब 1:30 बजे प्रधानमंत्री लोथल पहुंचेंगे और नेशनल मरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स की प्रगति की समीक्षा करेंगे. करीब 4,500 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह कॉम्प्लेक्स भारत की प्राचीन समुद्री परंपराओं को संरक्षित और प्रदर्शित करेगा. साथ ही, यह पर्यटन, शिक्षा, शोध और कौशल विकास का केंद्र बनने जा रहा है.

## ममता बनर्जी की भाभी को गर्ल्स कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी का अध्यक्ष बनाने पर हाई कोर्ट ने उठाए सवाल

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भाभी व तृणमूल की पार्षद कजरी बनर्जी की रानी बिड़ला गर्ल्स कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने नाराजगी प्रकट किया है। उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री की भाभी, कजरी बनर्जी की रानी बिड़ला गर्ल्स कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस पद के लिए शिक्षा के क्षेत्र से किसी व्यक्ति की आवश्यकता है। अंतरिम राहत प्रदान करते हुए, न्यायालय ने कॉलेज की प्रिंसिपल श्राबंती भट्टाचार्य के खिलाफ कजरी बनर्जी द्वारा 3 जुलाई को जारी किए गए नोटिस और 29 अगस्त को जारी निलंबन आदेश पर आठ सप्ताह के लिए रोक लगा दी। साथ ही, न्यायालय ने यह भी संकेत दिया कि उनकी नियुक्ति की वैधता की न्यायिक जांच की आवश्यकता है। अदालत ने समिति अध्यक्ष के रूप में कजरी बनर्जी की नियुक्ति पर भी संदेह जताया और कहा कि इस मुद्दे पर छह सप्ताह में फिर से सुनवाई की जाएगी। जज ने कहा कि 2017 के कानून के अनुसार, रानी बिड़ला गर्ल्स कॉलेज मैनेजमेंट का गठन करने के बजाय, मैनेजमेंट कमेटी को राज्य सरकार द्वारा नामित पांच लोगों द्वारा चलाया जा रहा है. जज ने कहा कि इस मुद्दे पर विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता है।

## ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे शत्रुओं को दिखाया कि भारत कितना शक्तिशाली है

एजेंसी

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 19 सितंबर, 2025 को वर्ष 1965 के युद्ध के वीर सैनिकों और शहीद नायकों के परिवारों के साथ परस्?पर बातचीत की। यह कार्यक्रम भारतीय सेना द्वारा नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में साठ वर्ष पूर्व पाकिस्तान पर भारत की विजय की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कर्तव्य पथ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले और शक्ति परीक्षण में भारत की विजय सुनिश्चित करने वाले वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, ÷पाकिस्तान ने सोचा था कि वह घुसपैठ, गुरिल्ला रणनीति और आश्चर्यजनक हमलों के माध्यम से हमें भयभीत कर सकता है, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि प्रत्येक भारतीय सैनिक इस भावना के साथ मातृभूमि की सेवा करता है कि राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा।÷ यह इस बात का प्रमाण है कि हम अपनी नियति स्वयं रचते हैं÷ श्री राजनाथ सिंह ने सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों और शहीद नायकों के परिवारों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई । श्री राजनाथ सिंह ने युद्ध के दौरान लड़ी गई विभिन्न लड़ाइयों, जिनमें असल उत्तर की लड़ाई, चाविंडा की लड़ाई और फिल्लोरा की लड़ाई शामिल हैं, में भारतीय सैनिकों द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय वीरता और देशभक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने परमवीर चक्र विजेता कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद के अदम्य साहस और वीरता का विशेष उल्लेख किया, जिन्होंने असल उत्तर की लड़ाई के दौरान मशीन गन और टैंक की गोलाबारी की निरंतर बौछार के बीच शत्रु के असंख्य टैंकों को नष्ट करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने कहा, ÷हमारे बहादुर अब्दुल हमीद ने हमें सिखाया कि वीरता हथियार के आकार पर नहीं, बल्कि हृदय के आकार पर निर्भर करती है। उनकी वीरता हमें सिखाती है कि सबसे कठिन परिस्थितियों में भी, साहस, संयम और देशभक्ति का मेल असंभव को भी संभव बना सकता है।÷ रक्षा मंत्री ने उस समय की राजनीतिक इच्छाशक्ति और नेतृत्व को भी श्रेय देते हुए कहा, ÷कोई भी युद्ध केवल युद्धभूमि पर नहीं लड़ा जाता; युद्ध में विजय पूरे राष्ट्र के सामूहिक संकल्प का परिणाम होती है।



## मिजोरम में असम राइफल्स की बड़ी कार्रवाई, 102 करोड़ की ड्रग्स बरामद

**आइजोल।** भारत-म्यांमार सीमा पर नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई जारी है। स्पीयर कोर के तहत आने वाली असम राइफल्स की यूनिट ने 34 किलो से अधिक मेथामफेटामाइन टैबलेट (ड्रग्स) को जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 102.65 करोड़ रुपए है। स्पीयर कोर इंडियन आर्मी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर इस कार्रवाई की जानकारी दी। स्पीयर कोर इंडियन आर्मी के अनुसार, असम राइफल्स ने यह कार्रवाई मिजोरम के चम्फाई जिले के जोटे इलाके में की है। स्पीयर कोर इंडियन आर्मी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, स्पीयर कोर के तहत असम राइफल्स ने 18 सितंबर 2025 को मिजोरम के चम्फाई (जोटे) में 102.65 करोड़ (लगभग) मूल्य की 34.218 किलोग्राम मेथामफेटामाइन टैबलेट जब्त की।

## आपदा में 'संकटमोचक' बने सीएम धामी, तैयारियों से कम हुआ दुष्प्रभाव, उत्तराखंड मॉडल बना मिसाल

एजेंसी

बीते चार महीनों में उत्तराखंड ने प्रकृति के विकराल रूप का सामना किया है. धराली में तबाही से लेकर थराली, पौड़ी, टिहरी, पिथौरागढ़, हरिद्वार, देहरादून, चमोली तक हुई विनाशकारी बारिश और भूस्खलन की घटनाओं ने राज्य को झकझोर कर रख दिया है. कई बार लोगों के जहन में 2013 जैसी भयानक त्रासदी की यादें तक ताज़ा हो गई पर इस बार एक फर्क साफ़दिखा 'तैयारी, शीघ्र प्रतिक्रिया और नेतृत्व की मौजूदगी'. इसी वजह से जान-माल का नुकसान अपेक्षाकृत कम हुआ. यह सब मिलकर उस 'धामी मॉडल' को परिभाषित करते हैं जिसे आज प्रदेश और देश के कुछ हिस्सों में उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है.



**सीएम धामी की ग्राउंड-प्रेजेंस और सक्रिय मॉनिटरिंग**

धराली में अचानक आई तबाही ने गांव, होटल और बुनियादी ढांचे को भारी क्षति पहुँचाई. शुरुआती सूचनाएँ चिंताजनक रहीं, लेकिन आपदा के कुछ ही समय के भीतर ही सीएम धामी के नेतृत्व में एक्टिव हुई राज्य व केंद्र की एजेंसियाँ– एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना और स्थानीय प्रशासन सक्रिय मोड में आ गईं. हेलिकॉप्टर से आपूर्ति, रेस्क्यू दलों की तैनाती और तत्काल राहत शिविर स्थापित किए गए, जिससे कई परिवारों तक समय पर मदद पहुँची. इन समन्वयकारी प्रयासों ने राहत कार्यों में गति और पारदर्शिता दोनों जोड़े.

विश्व | बगराम एयरबेस को फिर से एक्टिव करने पर विचार किया

## अफगानिस्तान नीति पर ट्रंप का यू-टर्न, बगराम एयरबेस को फिर से एक्टिव करने पर विचार

वाशिंगटन , एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आए दिन अपने फैसलों से दुनिया को हैरान कर रहे हैं। इस बार अमेरिकी प्रशासन ने अपनी अफगानिस्तान नीति में बदलाव किया है और बगराम एयरबेस को फिर से एक्टिव करने पर विचार किया जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद यह खुलासा किया है कि उनका प्रशासन अफगानिस्तान में बगराम एयरबेस को फिर से कब्जे में लेने की कोशिश कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप का यह खुलासा चीन के लिए भी परेशानी भरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने खुद कहा है कि चीन के परमाणु प्रतिष्ठानों के नजदीक होने के कारण बगराम एयरबेस पर उनके प्रशासन का कब्जा जरूरी है।



ट्रंप गुरुवार को यूनाइटेड किंगडम के चेकर्स में ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। अफगानिस्तान के बगराम एयरबेस के बारे में ट्रंप ने कहा, हम इसे वापस लेने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें हमसे चीजें चाहिए। हम उस बेस को वापस चाहते हैं। उस बेस को चाहने का एक कारण, जैसा कि आप जानते हैं, यह है कि यह चीन के परमाणु हथियार बनाने वाली जगह से एक घंटे की दूरी पर है। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के चार साल बाद ट्रंप ने अपनी इस नीति को सार्वजनिक किया है। उन्होंने अफगानिस्तान की स्थिति के लिए पिछले बाइडेन प्रशासन की आलोचना भी की। बगराम राजधानी काबुल से 44 किलोमीटर उत्तर में स्थित है, जो अफगानिस्तान में सबसे बड़ा अमेरिकी सैन्य अड्डा रहा था। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब डोनाल्ड ट्रंप ने बगराम एयरबेस का मुद्दा उठाया है। मार्च में उन्होंने इस क्षेत्र पर बीजिंग के कंट्रोल का दावा किया था। ट्रंप ने कहा था, अमेरिकी प्रशासन पहले भी बगराम को कब्जे में रखता, लेकिन यह सिर्फ अफगानिस्तान के कारण नहीं, बल्कि चीन के कारण, क्योंकि यह चीन के परमाणु मिसाइलें बनाने वाली जगह से ठीक एक घंटे की दूरी पर है।

## छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहे ग्रीन कॉरिडोर : एनएचएआई ने इस साल लगाए 2.71 लाख पौधे

### एनएचएआई ने इस साल लगाए 2.71 लाख पौधे

### 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के तहत सड़कों के किनारे और डिवाइडर्स पर पौधरोपण

### छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग तरक्की की राह के साथ साथ हरियाली की छांव भी मुख्यमंत्री

रायपुर, लोकशक्ति

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) जहां एक ओर देश में सड़कों का जाल बिछा रहा है, वहीं दूसरी ओर राजमार्गों के किनारों और डिवाइडर्स पर पौधे लगाकर ग्रीन कॉरिडोर भी तैयार कर रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के तहत इस साल छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे और डिवाइडर्स पर दो लाख 71 हजार से ज्यादा पौधे लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के साथ-साथ प्राधिकरण उन्हें 'ग्रीन कॉरिडोर' में भी बदल रहा है।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान छत्तीसगढ़ में हरियाली, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की नई दिशा दे रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर दो लाख 71 हजार से अधिक पौधे रोपित होना इस बात का प्रमाण है कि सड़क निर्माण केवल विकास की आधारशिला नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु और हरित जीवन का भी संकल्प है। राष्ट्रीय राजमार्ग से छत्तीसगढ़ में नागरिकों को तरक्की की राह के साथ ही हरियाली की छांव भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर का यह प्रयास छत्तीसगढ़ को न केवल यातायात सुविधा में बल्कि पर्यावरणीय संतुलन में भी देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करेगा।

उल्लखेनीय है कि छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्गों में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत इस साल निर्धारित लक्ष्य से अधिक वृक्षारोपण किया है। रायपुर-विशाखापट्टनम (NH-130CD) परियोजना में सर्वाधिक 97 हजार 145 पौधे लगाए गए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र सीमा-दुर्ग-रायपुर-ओडिशा सीमा (NH-53) पर 46 हजार 141 पौधे, चांपा-कोरबा-कटघोरा (NH-149B) मार्ग पर 23 हजार 020 पौधे, बिलासपुर-कटघोरा (NH-130) मार्ग पर 16 हजार 847 पौधे, बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव (NH-130) मार्ग पर 14 हजार 400 पौधे तथा सिमगा-रायपुर-धमतरी (NH-30) परियोजना में 5406 पौधे रोपे गए हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों के डिवाइडर्स पर मीडियन प्लांटेशन के रूप में पौधे लगाए गए हैं, जबकि किनारों पर एवेन्यू प्लांटेशन के रूप में पौधरोपण किया गया है। इनमें काफी संख्या में बड़े फलदार और छायादार वृक्ष भी शामिल हैं। नए इलाकों में पौधरोपण के साथ ही पिछले वर्षों में क्षतिग्रस्त हुए पौधों को बदलने के लिए 68 हजार 297 जगहों पर रिप्लांटेशन भी किया गया है। इस तरह चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक (15 सितम्बर 2025 तक) कुल दो लाख 71 हजार 253 पौधे राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगाए गए हैं।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, रायपुर के क्षेत्रीय अधिकारी श्री प्रदीप कुमार लाल ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' सिर्फ एक वृक्षारोपण अभियान नहीं है, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ी के लिए एक निवेश है। हमारा उद्देश्य सिर्फ सड़कों का निर्माण करना नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और सुन्दर पर्यावरण का भी निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में इस साल दो लाख दो हजार 959 नए पौधे लगाए गए हैं, जबकि 68 हजार 297 जगहों पर रिप्लांटेशन किया गया है। इस तरह छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्गों पर इस साल (2025-26 में) अब तक कुल दो लाख 71 हजार 253 पौधे लगाए जा चुके हैं।

## मणिपुर में असम राइफल्स के काफिले पर हमला, 2 जवान शहीद, 5 घायल

**एजेंसी।** मणिपुर में एक बार फिर अर्धसैनिक बल को निशाना बनाया गया है। बिष्णुपुर जिले में हथियारबंद लोगों के एक समूह ने शुक्रवार शाम असम राइफल्स के वाहन पर हमला कर दिया। इस घटना में असम राइफल्स के दो जवानों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक जेसीओ भी शामिल है। **नांबोल सबल लेइकाई में हुआ हमला** अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के नांबोल सबल लेइकाई इलाके में शाम करीब छह बजे हुई। एक अधिकारी ने बताया, ÷बंदूकधारियों के एक समूह ने उस वाहन पर घात लगाकर हमला किया, जिससे असम राइफल्स के जवान इंफाल से बिष्णुपुर जिले की ओर जा रहे थे। हमले में 2 जवान की मौत हो गई और 2 अन्य घायल हो गए।÷ एक अन्य अधिकारी ने बताया कि घायल जवानों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।



**सफ़ेद वैन में सवार होकर भागे आतंकवादी** एक सीनियर सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जिस जगह पर हमला हुआ वह व्यस्त सड़क थी और उस पर वाहनों की आवाजाही हो रही थी। असम राइफल्स के जवानों के वाहन पर हमला करने के बाद आतंकवादी एक सफ़ेद वैन में सवार होकर भाग निकले। जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए संयम बरता ताकि कोई नागरिक हताहत न हो।

# मुख्यमंत्री साय ने सोशल मीडिया में लिखा माओवाद छोड़ लोकतंत्र की ओर बढ़ते कदम

### बताया - नारायणपुर में 12 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की नवीन आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 और नियद नेल्ला नार योजना के चलते नारायणपुर जिले में माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं।उन्होंने कहा कि माड़ बचाओ अभियान के अंतर्गत सुरक्षाबलों के निरंतर प्रयासों से 2 एरिया कमेटी सदस्य सहित कुल 18 लाख के ईनामी 12 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों पर 50 हजार से 5 लाख तक के इनाम घोषित थे।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को बेहतर जीवन के लिए 50 हजार की प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान किए गए हैं और उन्हें नक्सल उन्मूलन नीति के तहत मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक सरकार के कार्यकाल में 1704 माओवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं, जो सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पुनर्वास नीति की सफलता का प्रमाण है।मुख्यमंत्री ने लिखा, डबल इंजन की सरकार 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने और आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास व सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राज्य विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन हेमंत वर्मा ने दिया इस्तीफा,अमिताभ जैन बन सकते है अध्यक्ष

**रायपुर ।** राज्य विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन हेमंत वर्मा ने अपने पद से इस्तीफ ा दे दिया है। उनका इस्तीफा मंजूर भी कर लिया गया है। अभी प्रभार सौंपने का आदेश ऊर्जा विभाग से जारी नहीं हुआ है। बताया गया कि हेमंत वर्मा के कार्यकाल 30 सिंतबर को खत्म हो रहा है इससे पहले ही उन्होंने सोमवार को उन्होंने विधिवत पद से इस्तीफ ा दे दिया। उनकी प्रदेश से बाहर संस्थान में नियुक्ति की चर्चा है।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन को विद्युत नियामक आयोग का नया अध्यक्ष बनाने की चर्चा जोरों पर है।

राज्य विद्युत नियामक आयोग बिजली के नियमन और वितरण से जुड़ी संस्था। हैं जो बिजली उत्पादन और वितरण के लाइसेंस धारकों के बीच के विवादों को सुलझाती हैं, नियमों का मसौदा तैयार करती हैं और उपभोक्ताओं व बिजली वितरण संस्थाओं के हितों की रक्षा करती है। लाइसेंस प्राप्त विद्युत संस्थाओं, उपभोक्ताओं और बिजली वितरण कंपनियों के बीच के विवादों को सुलझाने में सिविल न्यायालयों के समान कार्य करते हैं।

## हाईकोर्ट का शिक्षा विभाग पर सख्त रुख, आरटीई फर्जीवाड़े पर शिक्षा सचिव की अनुपस्थिति पर नाराजगी, अगली



**बिलासपुर।** शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत हो रहे कथित फर्जीवाड़े को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग के प्रति कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने शिक्षा सचिव की गैरमौजूदगी पर गहरी नाराजगी जताई। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा, अदालत को मजाक न समझें। कोर्ट ने शिक्षा सचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने और शपथपत्र के माध्यम से यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया कि आरटीई नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर 2025 को निर्धारित की गई है।

यह जनहित याचिका भिलाई के सामाजिक कार्यकर्ता भगवंत राव ने अधिवक्ता देवर्षि ठाकुर के माध्यम से दायर की थी। याचिका में गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि आरटीई के तहत गरीब बच्चों के लिए आरक्षित सीटों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए संपन्न परिवारों के बच्चों को दिया जा रहा है। इसके अलावा, कई निजी स्कूल बिना मान्यता के नर्सरी और केजी स्तर की कक्षाएं संचालित कर रहे हैं, जिनकी वैधता संदिग्ध है। याचिका में यह भी कहा गया है कि शिक्षा विभाग इस तरह की अनियमितताओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा, जिससे गरीब बच्चों का हक छीना जा रहा है।

# इंस्टाग्राम में युवती से दोस्ती कर 40 लाख से अधिक की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग, संवाददाता।



छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में सोशल मीडिया के जरिए ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक युवक ने इंस्टाग्राम पर पहले एक युवती से दोस्ती की, फिर उसके परिवार का विश्वास जीतकर करीब 40 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी को अंजाम दे डाला। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और लाखों की संपत्ति जब्त की है।

यह मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। शिकायत नंदिनी रोड, भिलाई निवासी राजकुमार गुप्ता ने दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी से इंस्टाग्राम के माध्यम से तुषार गोयल (21 वर्ष), निवासी शिक्षक नगर, दुर्ग ने संपर्क किया। धीरे-धीरे उसने पूरा परिवार का विश्वास हासिल कर लिया और गहनों व बैंक डिपॉजिट की जानकारी लेकर ठगी कर दी। पीड़ित परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी तुषार ने उनके घर से 2 नेकलेस, 2 चैन, 3 पुरुषों की अंगूठियां, 4 चुड़ियां, 3 महिलाओं की अंगूठियां, 1 मंगलसूत्र, 1 जोड़ी झुमके, 5 जोड़ी टॉप्स, 1 डायमंड पेंडेंट वाली चैन और 1 नथनी लेकर चुपचाप गायब हो गया। इसके अलावा, राजकुमार गुप्ता और उनकी पत्नी मंजू गुप्ता के नाम से बैंक में जमा करीब 26 लाख रुपये की फिक्स डिपॉजिट राशि भी आरोपी ने धोखाधड़ी से निकलवा ली। इतना ही नहीं, आरोपी ने प्रार्थी और उनकी पुत्री के नाम पर 4 दोपहिया वाहन और मोबाइल फोन भी फाइनेंस करा लिए। छावनी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि तुषार लगातार किराए के मकान बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था। आखिरकार पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर 165 ग्राम सोने-चांदी के गहने (मूल्य लगभग 18 लाख रुपये) और चार दोपहिया वाहन जब्त किए गए। बरामद कुल सामग्री की कीमत 23 लाख रुपये आंकी गई है।

पूछताछ और सबूतों के आधार पर पुलिस ने आरोपी तुषार गोयल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। मामले की जांच अब भी जारी है, और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं आरोपी ने अन्य लोगों को भी इसी तरह शिकार तो नहीं बनाया।

## करंट हादसे में मौत: हाई कोर्ट ने मुआवजा बढ़ाया, बिजली कंपनी की अपील खारिज

बिलासपुर,

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने करंट से हुई मौत के एक मामले में बिजली विभाग को दोषी ठहराते हुए मृतक के परिवार को 7,68,990 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने विभाग की अपील खारिज करते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति से जुड़े कार्य खतरनाक होते हैं, इसलिए हादसे में सीधी लापरवाही साबित न होने पर भी विभाग की जिम्मेदारी तय होगी।

यह फैसला जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की सिंगल बेंच ने दिया। मामला जांजगीर-चांपा जिले के मलकहरौदा क्षेत्र का है, जहां चित्रभान नामक ग्रामीण की करंट लगने से मौत हो गई थी। चित्रभान, पिकरीपार गांव के रहने वाले थे और खेती व मजदूरी से परिवार का भरण-पोषण करते थे। 6 मई 2021 की शाम वे घर लौट रहे थे, तभी घर के सामने से गुजर रही झूलती हुई लो-टेंशन तार की चपेट में आ गए। यह तार 11 केवी लाइन से जुड़ी थी और कई दिनों से लटक रही थी। स्थानीय लोगों ने कई बार बिजली विभाग को इसकी जानकारी दी थी, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। दुर्घटना में चित्रभान की मौके पर ही मौत हो गई। उनके परिवार में पत्नी शांति बाई, तीन बेटियां और माता-पिता आश्रित थे। पत्नी ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए 28.90 लाख रुपये का मुआवजा मांगा था। फरवरी 2024 में ट्रायल कोर्ट ने 4 लाख रुपये मुआवजा तय किया था। इसके खिलाफ मृतक परिवार ने हाई कोर्ट में अपील की। हाई कोर्ट ने माना कि विभाग ने समय पर तार की मरम्मत नहीं की, जिससे यह हादसा हुआ।

# प्रेमिका ने पुत्र के साथ मिलकर की थी युवक की हत्या

### बेमचा बड़ी नहर में मिली लाश की गुत्थी सुलझी

**महासमुन्द ।** महासमुंद जिले के ग्राम बेमचा की बड़ी नहर से मिले अज्ञात शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने मृतक की प्रेमिका तथा उसके पुत्र को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि जिले के ग्राम बेमचा की बड़ी नहर कुछ दिन पहले एक व्यक्ति की लाश मिली थी। कुछ ही दिनों की सघन जांच और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने इस मामले की गुत्थी सुलझा दी। मृतक की पहचान पिलेश्वर साहू (35 वर्ष), निवासी ग्राम पचेड़ा, थाना खल्लारी के रूप में हुई। सनसनीखेज खुलासे में सामने आया कि पिलेश्वर की हत्या उसकी प्रेमिका देवकी बघेल और उसके बेटे सुरेश बघेल ने मिलकर की थी। 8 सितंबर 2025 से पिलेश्वर अपनी ड्यूटी (रायपुर स्थित प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड का काम) पर नहीं गया था। 10 सितंबर को बेमचा नहर में एक अज्ञात शव मिला, जिसके चेहरे पर गंभीर चोटें थीं और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। मृतक के गले और गुप्तांग पर भी चोट के निशान थे। डॉक्टर की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि यह हत्या का मामला है। सायबर सेल और थाना महासमुन्द पुलिस ने 3 विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की। इलाके में पूछताछ के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि बेमचा की रहने वाली देवकी बघेल पर पूर्व में पति की हत्या का मामला दर्ज हो चुका है और वह जेल से छूटकर बाहर आई थी। पुलिस ने शक की बुनियाद पर जब गहराई से जांच की तो पता चला कि पिलेश्वर अक्सर देवकी के घर आता-जाता था और पिछले कई दिनों से वहीं रह रहा था। 9 सितंबर की रात पिलेश्वर देवकी के घर पहुंचा और शराब के नशे में विवाद करने लगा। यह स्थिति देवकी और उसके बेटे सुरेश को बेहद नागवार गुजरी। गुस्से में दोनों ने पिलेश्वर को खाट में रस्सी से बांध दिया। इसके बाद सुरेश ने सब्जी काटने वाले चाकू से उसका गला रेत दिया, जबकि देवकी ने पेचकस से आंख में वार किया। आरोपियों ने शोर दबाने के लिए मुंह में कपड़ा ठूंसा और पहचान मिटाने के लिए चेहरे पर मुरूम का ढेला पटक दिया। सुरेश ने मृतक के गुप्तांग काट दिए।

# मनेंद्रगढ़, जशपुर समेत छत्तीसगढ़ में 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के भिलाई के खुर्शीपार इलाके में एकतरफा प्यार की आग ने खूनी रूप ले लिया। बीती रात करीब 11:30 बजे आपसी पुरानी दुश्मनी के चलते एक युवक ने दो दोस्तों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल 35 वर्षीय कामेश राव की इलाज के दौरान लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में मौत हो गई, जबकि उसका साथी योगेंद्र सिंह बाल-बाल बच गया। आरोपी की पहचान खुर्शीपार निवासी सुरेंद्र महानंद के रूप में हुई है, जो फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छापेमारी शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मृतक कामेश राव उर्फकामेश मेश्राम और उसका दोस्त योगेंद्र सिंह राजेंद्र प्रसाद नगर की बस्ती में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी बीच सुरेंद्र महानंद अचानक वहां पहुंचा और योगेंद्र से पुरानी दुश्मनी को लेकर बहस शुरू कर दी। कामेश ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन गुस्साए सुरेंद्र ने चाकू निकालकर दोनों पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल कामेश को स्थानीय लोगों ने फौरन भिलाई के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। योगेंद्र को मामूली चोटें आई हैं और उसका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना योगेंद्र और सुरेंद्र के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद का नतीजा है। सुरेंद्र, योगेंद्र की चचेरी बहन से एकतरफा प्यार करता था। कुछ महीने पहले इसी जुनून में सुरेंद्र ने योगेंद्र के चाचा के घर की दीवार फांदकर अंदर घुसने की कोशिश की थी। इस घटना पर योगेंद्र ने खुर्शीपार थाने में सुरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। उसके बाद से दोनों के बीच तनाव चरम पर था। कल रात सुरेंद्र पूरी तैयारी के साथ चाकू लेकर पहुंचा और बदला लेने के इरादे से हमला बोल दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाका अपराध का केंद्र बनता जा रहा है। एक निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ये युवा छोटी-छोटी बातों पर हिंसा पर उतर आते हैं। परिवारों को सतर्क रहना चाहिए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एसपी दुर्ग ने कहा, हम जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेंगे। घटना की गहन जांच की जा रही है।

## चौथा हिंद युग्म उत्सव 20 एवं 21 को

**रायपुर ।** राजधानी रायपुर में साहित्य प्रेमियों के लिए दो दिवसीय हिंद युग्म उत्सव 2025 का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में किया गया है। यह आयोजन 20 एवं 21 सितंबर को होगा। आयोजन में सौ से अधिक साहित्यकार हिस्सा लेंगे। जिसमें श्रोताओं को कहानियां कविताएं, संगीत और कला की बेहतर प्रस्तुति देखने को मिलेगी। इस आयोजन में रायपुर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं छग के प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता प्रो. विनोदकुमार शुक्ल पर आयोजिन केंद्रित होगा। उनकी नई कहानियां पुस्तक का विमोचन होगा। आयोजन में केंपस कविता कार्यक्रम के तहत ओपन माइक छग खुला मंच खुला है के जरिए विशिष्ट कलाओं में निपुण प्रदेश के कलाकार एवं साहित्यकार नाम आयोजन के संयोजक के पास लिखवाकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# बिलासपुर नगर निगम में वॉट्सऐप चैटबॉट से मिलेंगी नागरिक सेवाएं



**रायपुर।** बिलासपुर नगर निगम प्रदेश का पहला ऐसा नगरीय निकाय बनने जा रहा है, जहां नागरिकों को घर बैठे स्मार्ट चैटबॉट के माध्यम से सुविधाएं मिलेंगी। डिजिटल इंडिया की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। अब लोग वॉट्सऐप आधारित चैटबॉट की मदद से संपत्ति कर संबंधी जानकारी व भुगतान, बिल्डिंग परमिशन, शिकायत पंजीकरण, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाएं कुछ ही मिनटों में प्राप्त कर सकेंगे।

कैसे करेगा काम चैटबॉट

इस सुविधा के लिए नगर निगम ने एक विशेष वॉट्सऐप नंबर - 91 88157 82574 जारी किया है। इस नंबर को मोबाइल में सेव करने के बाद उपयोगकर्ता केवल नमस्ते या हाय लिखकर मैसेज भेजेगा। इसके बाद एक ऑटोमेटेड रिप्लाई प्राप्त होगा, जिसमें उपलब्ध सेवाओं की सूची दी जाएगी। उपयोगकर्ता अपनी आवश्यकता के अनुसार सेवा चुनकर प्रक्रिया पूरी कर सकता है। यह चैटबॉट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक पर आधारित है और मेटा की प्रणाली की तर्ज पर काम करेगा। निगम द्वारा इस सुविधा की जानकारी अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से दी जा रही है।

स्वच्छ वार्ड चैलेंज में हर माह मिलेगा 10 लाख का इनाम


स्वच्छता को लेकर बिलासपुर नगर निगम द्वारा एक और पहल की जा रही है। शहर के हर वार्ड को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से स्वच्छ वार्ड चैलेंज प्रतियोगिता की शुरुआत की जा रही है। इस चैलेंज में हर माह सभी वार्डों का सर्वे होगा और जो वार्ड स्वच्छता के मानकों पर सबसे बेहतर प्रदर्शन करेगा, उसे विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति दी जाएगी।

# सीधे रायपुर से राजिम आने की सुविधा मिलेगी

### राजिम क्षेत्र के लोगों को मिली सस्ती और सुलभ रेल सेवा, यात्रियों को होगा लाभ

### रायपुर एवं राजिम के मध्य आने-जाने के लिए यात्री सुविधा में हुई बढ़ोतरी

रायपुर ।




रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम में बाहर से साधु-संत एवं पर्यटक भारी संख्या में आते हैं। अब उन्हें सीधे रायपुर से राजिम आने की सुविधा मिलेगी, जिससे पर्यटन एवं क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी और विश्व पटल पर राजिम का नाम और अधिक रोशन होगा। महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने नई रेल सेवा के लिए लोगों को बधाई देते हुए कहा कि अब राजिम से रायपुर आना बहुत आसान हो गया है। श्रद्धालु एवं पर्यटक यात्री अब राजिम से सीधे डोंगरगढ़ तक भी यात्रा कर सकेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर-अभनपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन अब राजिम तक किया जाएगा। 19 सितम्बर 2025 से नियमित समय-सारणी के अनुसार गाड़ी संख्या 68766/68767 राजिम-अभनपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर प्रतिदिन दोनों छोरों—राजिम और रायपुर—से संचालित होगी। इस ट्रेन में 06 सामान्य श्रेणी के डिब्बे तथा 02 पावरकार सहित कुल 08 कोच होंगे।

### असल शिक्षादूत है शिक्षिका गिरिजा साहू

# स्कूल को भेंट किया स्मार्ट टीवी

### शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने की शानदार पहल

जगदलपुर। संवाददाता



छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में एक अनोखी पहल ने शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा दिखाई है। शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका गिरिजा साहू ने बस्तर ब्लाक की ग्राम पंचायत राजपुर की प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा को स्मार्ट टीवी सेट भेंट किया है। इससे अब बच्चों की पढ़ाई और भी रोचक और प्रभावशाली होगी। स्मार्ट टीवी मिलते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर प्रेरणादायक शॉर्ट फ़िल्म चलो जीते हैं देखी, जिसने उनके उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ाया। इस स्मार्ट टीवी की मदद से अब बच्चों को विभिन्न विषयों को समझने में मदद मिलेगी। वीडियो, चित्र और एनिमेशन के माध्यम से कठिन विषयों को सरल बनाया जा सकेगा, जिससे विद्यार्थियों की सीखने में रुचि बढ़ेगी और नवोदय और एकलव्य जैसी परीक्षाओं की तैयारी बेहतर होगी।

शिक्षिका गिरिजा साहू के बारे में कहें तो जैसा नाम वैसा ही गुण भी है उनमें। गिरी का अर्थ होता है पर्वत या पहाड़ और गिरिजा का पूर्ण शाब्दिक अर्थ होता है पर्वत की पुत्री। सचमुच पहाड़ जैसा विशाल हृदय है शिक्षिका गिरिजा साहू का, जिन्होंने हजारों रुपए कीमत का टीवी सेट बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित किया है। गिरिजा साहू ने कहा कि वह स्वयं एक सरकारी विद्यालय की छात्रा रही हैं और उन्हें बच्चों की कठिनाइयों का पूर्ण अनुभव है। गिरिजा साहू ने कहा कि सुविधाओं की कमी से प्रतिभा थम जाती है। मैं चाहती हूँ कि हमारे गांव के बच्चे भी बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने का आत्मबल रखें। सभी ने इस पहल की सराहना की और शिक्षिका के योगदान को सराहा।

# श्रमवीर समाज की रीढ़ हैं, उनके योगदान से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार : मुख्यमंत्री साय

**मुख्यमंत्री ने 1.84 लाख श्रमिकों को 65 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की**

**श्रमिकों के मकान निर्माण हेतु अनुदान राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये करने की घोषणा**

**मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा जयंती पर श्रमवीरों को दी बड़ी सौगात**



रायपुर,18 सितबंर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित श्रमिक महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माण और विकास में श्रमवीरों की भूमिका अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि श्रमवीर समाज की रीढ़ हैं और उनके योगदान से ही विकसित छत्तीसगढ़ तथा विकसित भारत का सपना साकार होगा।

मुख्यमंत्री साय ने श्रमिकों के परिश्रम और योगदान की सराहना करते हुए कहा कि श्रमवीरों के उत्साह और भागीदारी से प्रदेशवासियों के सपने पूरे होंगे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएँ दीं और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशभर के मेहनतकश श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया। उन्होंने घोषणा की कि दीदी ई-रिक्शा योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की जाएगी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना के अंतर्गत श्रमिकों को मकान निर्माण के लिए दी जाने वाली सहायता राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की जाएगी। साथ ही, पंजीकृत श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज का संपूर्ण खर्च अब श्रम विभाग द्वारा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और बीते 11 वर्षों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जनहितैषी कार्यों से प्रदेश के विकास को नई गति दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर हम सभी श्रमवीरों के परिश्रम को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है—चाहे वह स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा हो या आवास और औजारों की सुविधा, सरकार हर कदम पर श्रमिकों के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि आज 1 लाख 84 हजार 220 श्रमिकों के खातों में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं—दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, निर्माण श्रमिक मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि के अंतर्गत 65 करोड़ 16 लाख 61 हजार रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता हमारी सरकार की पहचान है। किसानों और श्रमिकों का पैसा सीधे उनके खातों में

## छ.ग महेश सेवा निधी द्वारा मेधावी विद्यार्थियों एवं विशेष उपलब्धि प्राप्त युवा युवतियों का सम्मान

संवाददाता लोकशक्ति।

छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के अन्तर्गत महेश सेवा निधि द्वारा 21 सितंबर रविवार को विमतारा ऑडिटोरियम न्यू शांतिनग़र रायपुर मे मेधावी प्रतिभावान बच्चो का सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान किया जाएगा । कक्षा दसवी से उच्च शिक्षा तक किए गये उत्कृष्ट प्रतिभाओं को ये सम्मान प्रदान किया जाएगा।यदि किसी बच्चे को शिक्षा के लिए कोई अर्थिक परेशानी है तो उसके समाधान मे ट्रस्ट अपनी भूमिका निभाता है।ज्ञात हो महेश सेवा निधि ना सिर्फ़ शैक्षिक अपितु चिकित्सक ज़रूरतों को भी त्वरित पूरा करने मे भरपूर मदद करती है।ट्रस्ट द्वारा आर्थिक ज़रूरत पर छात्रवृतियाँ प्रदान की जाती है ।महेश सेवा निधि का मूल उद्देश्य है की बच्चो का उत्साह बढ़ायें ताकि हर बच्चा पढ़ लिखकर आत्मनिर्भर बने।ट्रस्ट संकल्पित है की समाज के बन्धु को मेडिकल ज़रूरत पर तुरंत सहायता मिल सके । इसी भावना से महेश सेवा निधि की स्थापना की गई थी एवं लगातार इसमें नये सदस्यों को जोड़ा जा रहा है।सदस्यों की उदारता एवं सहायता से ही ट्रस्ट को आर्थिक सुदृढ़ता मिलती है, जो पश्चात ट्रस्ट के माध्यम से ही ज़रूरतमंद तक पहुँचती है।समारोह मे क़रीब सौ प्रतिभावान बच्चो को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए सम्मान कर सराहा जाएगा।मुख्य अतिथि महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष मधुसूदन गांधी होंगे।बच्चों से उनके भविष्य के बारे विस्तारपूर्वक चर्चा कर मार्गदर्शन किया जाएगा। समारोह मे प्रबंध न्यासी बालाकिशन झँवर, मंत्री अजय सोमानी, पूर्व प्रबंध न्यासी सी.ए मनोज राठी,डॉ सतीश राठी, उपप्रबन्धन्यासी अजय राठी, कोषाध्यक्ष राकेश झंवर, सहसचिव कन्हैयालाल सारडा,सेवा निधि के सदस्यगण विद्यार्थीगण एवं उनके अभिभावक माहेश्वरी समाज के बंधु उपस्थित रहेंगे। उक्ताश्य की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी विष्णु सारडा ने दी।

## सेवा पखवाड़ा में मिली राहत, पक्के आशियाने और योजनाओं से खिले चेहरें

रायपुर। राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़े में जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का व्यापक लाभ मिल रहा है। बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में कई हितग्राहियों को पक्के आशियाने की चाबी, भवन अनुज्ञा, पहले किश्त की राशि, वय वंदन कार्ड और अन्य सुविधाएं प्रदान की गईं। इन योजनाओं से लाभान्वित लोग अब सुरक्षित और स्थायी जीवन की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कुदुदन निवासी ममता दुबे को आवास की स्वीकृति और भवन का नक्शा मिला। उन्होंने बताया कि किराए के मकान की चिंता से अब मुक्ति मिली है। हेमूनगर की विजया और बिजौर निवासी ओम साहू को घर की चाबी मिलने पर उन्होंने खुशी जताई। विजया ने बताया कि उनके पति ड्राइवर हैं और आय सीमित होने के कारण खुद का घर बनाना संभव नहीं था, लेकिन योजना से अब पक्का घर मिल गया है।अशोक नगर की संतोषी श्रीवास और लिंगियाडीह की पूनम टंडन को खमतराई और बहतराई में मकान आवंटित हुआ। दोनों को पहली किश्त का चेक भी मिला। उन्होंने कहा कि अब खुद के घर में रहने का सपना साकार होने जा रहा है। सरकंडा थाना के पास अस्थायी कब्जे में रह रहीं रानी यादव को भी योजना से राहत मिली है। उनके घर पर तोड़फोड़ का नोटिस जारी हुआ था, लेकिन अब आवास स्वीकृति मिलने से चिंता दूर हो गई है।तालापारा, ख्वाजा नगर निवासी अब्दुल नईम को भी आवास मिला है। मैकेनिक का काम करने वाले नईम ने कहा कि अब परिवार को सुरक्षित छत मिल पाएगी।

**वय वंदन कार्ड से मिला स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ :** हरनारायण पटेल, शांति देवी और विद्या परिहार को वय वंदन योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सहायता का कार्ड प्रदान किया गया। सभी लाभार्थियों ने योजनाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार का आभार जताया।

**लखपति दीदियों को मिला सम्मान :** कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर महिला समूहों की सदस्यों, जिन्हें 'लखपति दीदी' के रूप में सम्मानित किया गया, को भी मंच पर सम्मान प्राप्त हुआ। इन महिलाओं ने न केवल अपनी आजीविका सशक्त की, बल्कि समुदाय में प्रेरणा का कार्य भी किया है।

## वंचित वर्ग के उत्थान और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री विष्णु

**मुख्यमंत्री साय ने डुबान क्षेत्र में एम्बुलेंस और राष्ट्रीय बैंक शाखा शीघ्र खोलने का दिया आश्वासन**

**स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना और आवास योजना से लोगों के जीवन में आया बदलाव**



**रायपुर।** गंगरेल बांध डुबान क्षेत्र की मछुआ सहकारी समितियों को पुनः मछली पालन का हक मिलने पर प्रभावित समितियों के सदस्यों ने विगत दिवस मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए अभिनंदन किया। इस अवसर पर गंगरेल डुबान क्षेत्र के तीन जिलों—धमतरी, कांकेर और बालोद की 11 मछुआ सहकारी समितियों के सदस्यगण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर ग्रामीणों की मांग पर डुबान क्षेत्र में जनसुविधा हेतु एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने और राष्ट्रीय बैंक की शाखा शीघ्र खोले जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर ही स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हों और लोग सीधे लाभान्वित हो सकें।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर में शौचालय निर्माण को बढ़ावा देकर बेटियों और महिलाओं को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। आज स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से आम नागरिकों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है और विभिन्न योजनाओं का लाभ अब सीधे डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों तक पहुँच रहा है। इस व्यवस्था ने बिचौलियों की भूमिका समाप्त की है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों को पुनः रेडी-टू-ईट कार्य का जिम्मा सौंपा है, जिससे महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ग के उत्थान और सम्मान के लिए हमारी सरकार सतत कार्य कर रही है।

इस अवसर पर धमतरी महापौर श्री रामू रोहरा एवं पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पांडेय उपस्थित थीं। कार्यक्रम में गंगरेल बांध डुबान क्षेत्र की 11 मछुआ समितियों में ग्राम उरपुरी, तेलगुड़ा, मोगरागहन, कोलियारी पुराना, कोलियारी नया, गंगरेल, फुटहामुड़ा, तुमाबुजुर्ग, अलोरी, भिलाई एवं देवीनवागांव के सदस्यगण सहित अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री श्री साय से ग्रैंडमास्टर प्रवीण महादेव थिप्से ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भारत के अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी एवं ग्रैंडमास्टर प्रवीण महादेव थिप्से ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री थिप्से की खेल प्रतिभा और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव श्री विक्रम सिसोदिया सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि प्रवीण महादेव थिप्से शतरंज में ग्रैंडमास्टर की उपाधि प्राप्त करने वाले खिलाड़ी हैं और राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय भी हैं। उन्हें अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

## धान बेचने वाले किसानों में से आधे का एग्री स्टैंक पोर्टल में पंजीयन, अफसरों के चक्कर लगाने मजबूर किसान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एग्री स्टैक पोर्टल में तकनीकी दिक्कतों के चलते किसानों के पंजीयन कराने की गति धीमी है। पिछले साल जिन किसानों ने धान बेचा था उनमें से आधे से कुछ अधिक किसानों ने ही पंजरयन कराया है।

राज्य में अब तक 13 लाख 15 हजार से कुछ अधिक किसान ही एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन करा पाए हैं। 57 हजार से ज्यादा किसान ऐसे हैं जिनका पंजीयन एग्री स्टैक पोर्टल में नहीं दिखा रहा है। इनमें भी लगभग साढ़े 3 लाख किसान ऐसे हैं, जो पंजीयन हो चुके हैं, लेकिन उनका खसरा कहीं मेल नहीं खा रहा है। अब फील्ड में विभागीय अमले को भी जूझना पड़ रहा है। पंजीयन के आंकड़ों को देखे तो पता चलता है कि बीते साल की तुलना में अब तक 50 फीसदी ही किसान पंजीयन करा पाए हैं। धान खरीदी से पहले पंजीयन के लिए इस बार किसानों को भारी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। प्रदेश में अब तक कुल 13 लाख 73 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। इनमें से एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने वाले किसानों की तादाद 13 लाख 15 हजार से हैं। हालांकि अभी पंजीयन के लिए अक्टूबर माह का तक का समय बाकी है। माना जा रहा है कि इस अवधि तक पंजीकृत किसानों की तादाद में बढ़ोतरी होगी। अब तक 9 लाख 66 हजार किसानों पंजीयन हो चुका है, उनके खसरे का भी मिलान हो चुका है। साढ़े तीन लाख खसरा मेल नहीं खाने की स्थिति में ऐसे किसानों को फिर दस्तावेज चेक कराना पड़ रहा है। बालोद, बेमेतरा और बलौदा बाजार जिले ही ऐसे हैं जहां एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने वाले किसानों की तादाद एक लाख पार कर गई है। हालांकि इन जिलों में भी हजारों किसान ऐसे हैं, जिनका खसरा मेल नहीं खा रहा है। जबकि जांजगीर चांपा जिले में 74 हजार 172 किसानों ने एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन कराया है, लेकिन इनमें से 30 हजार से अधिक किसानों का खसरा मेल नहीं खा रहा है। इसी तरह की स्थिति अन्य जिलों में भी है। विभाग का दावा है कि यह आंकड़ा रोज बदल रहा है। आने वाले समय में अधिक से अधिक किसान पंजीयन करा लेंगे।बीते साल 2024-25 में पंजीकृत 25 लाख 49 हजार से ज्यादा किसानों ने अपना धान समर्थन मूल्य में बेचा था। एग्री स्टैक और एकीकृत पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक अब तक एग्री स्टैंक पोर्टल पंजीकृत साढ़े तीन लाख किसानों का खसरा मेल नहीं खा रहा 15 हजार 419 किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपना एग्री स्टैक में पंजीयन नहीं कराया है। किसानों को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लाखों किसानों के पंजीयन को लेकर अभी भी तस्वीर साफ नहीं हो पाई

## मनेंद्रगढ़, जशपुर समेत छत्तीसगढ़ में 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**लगभग 14 करोड़ रूपए की लागत से तैयार होगा प्रत्येक फिजियोथेरेपी महाविद्यालय**

**6 नए फिजियोथेरेपी कॉलेज छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य शिक्षा को देंगे नई उड़ान - मुख्यमंत्री साय**



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार नए आयाम जुड़ रहे हैं। प्रदेश सरकार ने चिकित्सा शिक्षा को और मजबूत करने के लिए बड़ा निर्णय लेते हुए 6 नए फि जियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण से इस से न केवल युवाओं को नए अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग जारी आदेश के अनुसार जिन जिलों में नए फिजियोथेरेपी कॉलेज स्थापित होंगे उनमें मनेंद्रगढ़, जशपुर, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग और जगदलपुर शामिल हैं। इन महाविद्यालयों के निर्माण के लिए सरकार ने कुल 83 करोड़ 62 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। प्रत्येक महाविद्यालय के लिए लगभग 13 करोड़ 93 लाख 71 हजार रुपए (करीब 14 करोड़) का बजट तय किया गया है। यह निवेश न केवल आधुनिक इमारतों और प्रयोगशालाओं के निर्माण पर खर्च होगा बल्कि छात्रों के लिए आवश्यक उपकरणों और अधोसंरचना पर भी किया जाएगा। यह निर्णय प्रदेश की युवाशक्ति के लिए नई राह खोलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता का स्वास्थ्य और हमारे युवाओं का भविष्य, दोनों हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। आज जिन 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों की स्वीकृति दी गई है, वे केवल संस्थान नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की नई इमारत की नींव हैं। इन महाविद्यालयों से प्रदेश के युवा डॉक्टर और विशेषज्ञ बनकर न केवल छत्तीसगढ़ की सेवा करेंगे बल्कि पूरे देश में राज्य की पहचान को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य शिक्षा नई ऊँचाइयों को छू रही है। 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के युवाओं को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य शिक्षा के अवसर मिलेंगे और फिजियोथेरेपी जैसी महत्वपूर्ण सेवा अब गांव-गांव तक पहुंच सकेगी। यह निर्णय प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के साथ ही युवाओं के लिए नए रोजगार और अवसरों का द्वार खोलेगा।उल्लखेनीय है कि फिजियोथेरेपी वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है और इन नए महाविद्यालयों से प्रशिक्षित विशेषज्ञ तैयार होंगे, जो आने वाले समय में समाज को बेहतर सेवाएं देंगे।विशेषज्ञों का मानना है कि छत्तीसगढ़ में फिजियोथेरेपी कॉलेजों का विस्तार राज्य के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को बड़ी राहत प्रदान करेगा।

## नवग्रह शनि मंदिर में नवरात्रि उत्सव 22 से प्रारंभ

**रायपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवग्रह शनि मंदिर अशोका रत्न के पास विधानसभा रोड स्थित मंदिर में नवरात्रि महोत्सव का आयोजन 22 सितंबर से प्रारंभ होगा। मंदिर के पुजारी पं. विनोद शर्मा एवं पं. मितेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शनि महादशा कष्ट निवारक मनोकामना हेतु ज्योति कलश स्थापना के लिए जातकों को तेल ज्योति 951 रुपये एवं घृत ज्योति 4100 रुपये भुगतान करने पर मिलेगी। उन्होंने बताया कि शनि देव मंदिर में जातकों द्वारा उक्त ज्योति कलश स्थापना के साथ ही नवरात्रि में शनि महादशा निवारण के लिए विशेष पूजा की जाती है।

## बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बाजपेयी को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बाजपेयी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाजपेयी का जाना पत्रकारिता जगत और बस्तर क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।दीपक बैज ने कहा कि राजेन्द्र बाजपेयी ने हमेशा निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता को प्राथमिकता दी। उनके कार्य और योगदान को लंबे समय तक याद किया जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में सहनशक्ति प्रदान करने की कामना की।

## वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बाजपेयी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर । बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बाजपेयी के निधन पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।किरण देव ने अपने शोक संदेश में कहा कि राजेन्द्र बाजपेयी ने बस्तर की पत्रकारिता को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से बस्तर और वहां के जनजीवन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

## संपादकीय

### चुनाव अयोग पर ना लगाये आरोप जनता सब जानती है

राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर बेसिर-पैर के आरोप लगाए। एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को टारगेट किया। राहुल गांधी के बम में कोई दम नहीं दिखा। राहुल ने दो ऐसे मामलों के आधार पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए जिनमें कोई गड़बड़ी नहीं हुई, गड़बड़ी करने की सिर्फ कोशिश भर की गई थी। राहुल गांधी चुनाव आयोग पर आरोपों की नई किस्त का पूरा प्रेजेंटेशन बनाकर लाए थे, साथ में गवाह भी थे। राहुल ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की राजुरा विधानसभा सीट में 6,850 वोट जोड़ने और कर्नाटक की अलंद सीट पर 6,018 वोटर्स के नाम काटने की कोशिश की गई थी। राहुल ऐसे लोगों को साथ लेकर आए थे जिनके नाम वोटर लिस्ट से काटने की एप्लीकेशन दी गई थी और जिनके नाम से एप्लाई किया गया था। राहुल ने कहा कि जिनके नाम से वोट डिलीट करने के लिए एप्लाई किया गया, उनका कहना है कि उन्होंने एप्लाई नहीं किया। तो फिर ये काम कौन कर रहा था?




मैं किनारे लहरों में डूबता उतरता रहा।

दर्द दिल का तस्वीर बन उभरता रहा,
दर्द बीमार की दवा बन संवरता रहा।

सफर बीच में छोड़ रुखसत हो गए
रातों में बस जुगनु बन चमकता रहा।

तनकर खड़ा होता तोड़ दिया जाता,
लताओं सा सबके सामने झुकता रहा।

जमाने में न जाने कितने रंग बदले,
बिखरा नहीं जमाना तंज कसता रहा।

सारा शहर रोशन होता रहा रात भर,
घर मेरे दिन में भी अंधेरा डसता रहा।

चतुर लोग आज न जाने कहां पहुंचे,
मैं जिंदगी को हौले-हौले गढ़ता रहा।

लोग नदिया पार गए कश्ती के सहारे,
मैं किनारे लहरों में डूबता उतरता रहा।

– संजीव ठाकुर।

QR CODE SCAN कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_ Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra-Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

## राहुल गांधी का जेन–जेड दांव लोकतंत्र की रक्षा या पड़ोसी देशों जैसी आग का न्योता?

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार



देश की सियासत में इन दिनों हंगामा बरपा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक ट्वीट ऐसा है, जिसने सबको चौंका दिया। 18 सितंबर 2025 को एक्स पर उन्होंने लिखा, 'देश के युवा, देश के छात्र, देश की जेनरेशन-जी संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट की चोरी रोकेगी। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। जय हिंद!' यह कोई मामूली बात नहीं थी। इस ट्वीट में पड़ोसी मुल्क नेपाल के हाल के जेन-जी आंदोलन की छाया साफ दिख रही है, जहां नौजवानों ने सड़कों पर उतरकर सरकार को उखाड़ फेंका। सवाल उठ रहे हैं, क्या राहुल गांधी युवाओं को सड़कों पर बुलाने का इशारा दे रहे हैं? क्या वे चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का इल्जाम लगाकर आग भड़का रहे हैं? कांग्रेस का कहना है कि युवा उनकी ताकत हैं, वहीं भाजपा इसे 'नेपाल जैसी साजिश' बता रही है। ऊपर से सैम पित्रोदा का पाकिस्तान को 'घर जैसा' बताने वाला बयान ने नया बवाल खड़ा कर दिया। आखिर क्या है यह माजरा? क्या राहुल का जेन-जी दांव भारत में नेपाल जैसी आग लगाएगा या लोकतंत्र को और मजबूत करेगा?

नेपाल में सितंबर 2025 में जेन-जी आंदोलन ने तहलका मचा दिया। वहां की सरकार को जाना पड़ा। बात शुरू हुई 4 सितंबर से, जब नेपाल सरकार ने फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर पाबंदी लगा दी। वजह बताई गई कि ये कंपनियां नए नियमों में रजिस्टर नहीं हुई थीं। लेकिन यह फैसला 1995 से 2010 के बीच पैदा हुए जेन-जी युवाओं को बिल्कुल रास नहीं आया। उनके लिए सोशल मीडिया सिर्फ टाइमपास नहीं, बल्कि रोजगार, पढ़ाई और दुनिया से जुड़ने का जरिया है। रील्स बनाकर पैसे कमाने वाले, विदेश में बसे रिश्तेदारों से वीडियो कॉल करने वाले, ऑनलाइन बिजनेस चलाने वाले सब गुस्से में आ गए। शुरू में आंदोलन बैन के खिलाफ था, लेकिन जल्दी ही यह भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अमीर-गरीब की खाई के खिलाफ उग्र हो गया। काठमांडू से लेकर छोटे शहर तक सड़कों पर हजारों युवा उतर आए। सरकारी दफ्तरों, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास पर हमले हुए। कम से कम 51 लोग मारे गए, सैकड़ों जख्मी। सेना को सड़कों पर उतारना पड़ा। एक बड़े नेता ने कहा, 'सियासी दलों ने युवाओं की बात नहीं सुनी, इसलिए हिंसा भड़की।' नतीजा? प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को कुर्सी छोड़नी पड़ी। अब नई सरकार की बात हो रही है, जिसमें कुछ नए चेहरों के नाम सामने आ रहे हैं। यह आंदोलन कुछ नौजवानों ने शुरू किया, जो सियासत से दूर थे। बाद में विपक्षी दलों ने इसे हवा दी। भारत पर भी इसका असर पड़ा। उत्तराखंड के सीमाई बाजारों में धंधा ठप है, क्योंकि नेपाली ग्राहक सड़कों पर हैं। नेपाल का यह बवाल भारत के लिए चेतावनी बन रहा है।

राहुल गांधी का ट्वीट इस माहौल में आया। उन्होंने नेपाल का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी बातों में वही जोश दिखा। बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के बाद उनका 'वोट चोर, गद्दी छोड़' वाला नारा वायरल हो गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने चुनाव आयोग पर सीधा निशाना साधा। कर्नाटक में 6018 वोटरों के नाम कटने और महाराष्ट्र में 6180 वोटर जोड़े जाने का हवाला देकर 'वोट चोरी फैक्ट्री' का इल्जाम लगाया। मुख्य चुनाव आयुक्त को 'वोट चोरों का सरगना' तक कह डाला। आयोग ने सफाई दी कि यह रूटीन काम है, लेकिन राहुल नहीं रुके। उन्होंने कहा, 'मैं 100 फीसदी सबूतों के साथ बोल रहा हूं। मुझे अपने देश और संविधान से प्यार है।'कांग्रेस का कहना है कि युवा उनकी ताकत हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल ने 'युवा न्याय' की बात की थी। गुजरात दौरे पर फिटनेस पर जोर दिया, जो युवा नजरिए को दिखाता है। लेकिन भाजपा इसे खतरनाक खेल बता रही। सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर तंज कसा, 'जेन-जी परिवारवाद के खिलाफ है। नेहरू, इंदिरा, राजीव, सोनिया के बाद राहुल को क्यों बर्दाश्त करेगा? भ्रष्टाचार से नफरत करता है, तो यूपीए के घोटाले कैसे भूलेगा?' उनका पोस्ट वायरल हो गया। दुबे ने गृह मंत्रालय और ईडी से सैम पित्रोदा की फंडिंग और राहुल के विदेश दौरों की जांच की मांग की। बोले, 'कांग्रेस विदेशी ताकतों के साथ अराजकता फैलाना चाहती है। देश छोड़ने की तैयारी करो।' कंगना रनौत ने कहा, 'नेपाल में जेन-जी ने परिवारवादी सरकार उखाड़ी। राहुल देश को शर्मिंदा करते हैं।' भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी बोले, 'कांग्रेस की पहचान परिवारवाद और घोटाले हैं।' पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने तो हद कर दी, बोले, 'नेपाल जैसी क्रांति भारत में हुई तो राहुल-अखिलेश के घरों में आग लग जाएगी!'

विपक्ष में शिवसेना के संजय राउत ने राहुल का साथ दिया, लेकिन चेताया, 'भारत में भी ऐसा हो सकता है, भाजपा तैयार रहे।' जेडीयू के नीरज कुमार ने जवाब दिया, 'भारत न बांग्लादेश है, न नेपाल। यहां लोकतंत्र मजबूत है।' गृह मंत्री अमित शाह बोले, 'चुनाव आयोग को बदनाम करना कांग्रेस की पुरानी चाल।' अनुराग ठाकुर ने कहा, 'कांग्रेस लोकतंत्र कमजोर कर रही।' प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के नेताओं से बात की और युवाओं को शांतिपूर्ण रास्ता अपनाने की सलाह दी।इस बवाल में सैम पित्रोदा ने और आग में घी डाला। 19 सितंबर को उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान गया, वहां घर जैसा लगा। बांग्लादेश, नेपाल में भी ऐसा ही।' भाजपा ने इसे 'देशद्रोही' बताया। शहजाद पूनावाला ने एक्स पर लिखा, 'पित्रोदा को पाकिस्तान घर जैसा लगता है? 26/11 पर नरमी, पुलवामा में पाक का साथ कांग्रेस की सोच साफ!' पित्रोदा ने राहुल के जेन-जी बयान का समर्थन किया, लेकिन उनके पुराने बयान याद आ गए 1984 दंगों पर 'हुआ तो हुआ', उत्तर-पूर्व को 'चीनी-अफ्रीकी' कहना, विरासत टैक्स की बात। कांग्रेस ने खुद को अलग किया, लेकिन नुकसान हो चुका।19 सितंबर को दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन (ष्ठस्) चुनाव में नौजवानों ने जवाब दे दिया। अभाविप ने जीत हासिल की, आर्यन मान अध्यक्ष बने। #ABVPyDUSU ट्रेंड किया। पंजाब यूनिवर्सिटी में भी अभाविप जीती। लोग बोले, 'राहुल के बयान के अगले दिन जेन-जी ने भाजपा चुनी।'

बिहार चुनाव से पहले यह बवाल बड़ा है। कांग्रेस कहती है, जेन-जी पढ़ाई, नौकरी, बराबरी चाहती है। राहुल बार-बार कहते हैं, लोकतंत्र और संविधान खतरे में हैं। उनकी बात अच्छी लगती है, लेकिन सवाल है क्या वे वोटिंग की बात कर रहे या सड़कों पर बवाल का इशारा दे रहे हैं? एक्स पर स्ङ्कश्ह्लद्गष्द्धश्हद्बस्रङ्घष्ह्लश्ह्4 ट्रेंड कर रहा, लेकिन मुंबई में द्बक्कद्धश्ठ्ठद्17 की लाइन में जेन-जी रात 2 बजे से खड़ी है। एक यूजर ने तंज मारा, 'राहुल की बात सुनी, जागे, मगर द्बक्कद्धश्ठ्ठद्ग लेने चले गए।' कांग्रेस के जमाने में सिलेंडर की लाइन थी, आज ऐपल फोन की। केंद्र की स्किल इंडिया, विकसित भारत रोजगार योजना युवा-केंद्रित हैं। मोदी ने 2014 में गूगल हैंगआउट पर युवाओं से बात की थी।राहुल का बयान कांग्रेस के लिए दोधारी तलवार है। वे संविधान बचाने की बात करते हैं, लेकिन नेपाल का जिक्र सड़क आंदोलन का संकेत देता है। भारत का लोकतंत्र वोट से चलता है, आग से नहीं। श्रीलंका की तबाही, बांग्लादेश का बवाल, नेपाल का दर्द क्या राहुल भारत को उसी रास्ते ले जाना चाहते हैं? या जागरूकता फैला रहे? पित्रोदा का बयान दिखाता है, कांग्रेस पड़ोसियों से नरम, भारत से सख्त। लेकिन ष्ठस् ने साफकर दिया जेन-जी तरक्की चाहती है, बवाल नहीं। राहुल जी, नौजवानों को वोट की ताकत सिखाइए। आपके परिवार ने इसी सिस्टम से सत्ता पाई। बिहार चुनाव बताएंगे, जेन-जी राहुल के साथ है या तरक्की के रास्ते पर। लोकतंत्र बचेगा, अगर युवा वोट से बदलाव लाएं। आग से नहीं।

## भारत की डिजिटल क्रांति : परिवर्तन का एक दशक और भावी योजना

राव इंद्रजीत सिंह

लेखक सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) एवं संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं।




पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो असाधारण है। जो प्रक्रिया लक्षित प्रौद्योगिकीय अंतःक्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई थी वह अब एक व्यापक परिवर्तन के रूप में विकसित हो चुकी है, जो भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, वाणिज्य, और देश के कोने-कोने में बसे किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित कर रही है।

यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग, और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है। जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय, और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने में ज़मीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया, तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर, और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर प्रणाली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है।

जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओडिशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गई है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदमः एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना।

भारतीय राष्टीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं, और यहाँ तक कि सड़क किनारे के विक्रेता वाले भी एक साधारण क्यूआर कोड के ज़रिए डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं।

इसी दौरान, इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत के डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को धीरे-धीरे और निरंतरता से तैयार किया जा रहा है। भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्राडबैंड पहुँचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज़-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढाँचा तैयार किया। डिजी-लाकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने, और ई-हस्ताक्षर ने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज़-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है। यह त्वरित चेक-इन, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर हवाई अड्डे की क्षमता में सुधार सुनिश्चित करती है, साथ ही विकेंद्रीकृत पहचान प्रबंधन के माध्यम से डेटा गोपनीयता की सुरक्षा भी करती है। यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं - ये एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं।

डिजिटल गवर्नेंस ने भी गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिज़ाइन किए गए, जेम ने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है - जिसमें महिला उद्यमियों और एमएसएमई की बढ़ती संख्या शामिल है। राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था।

कृषि क्षेत्र, जिसे प्रायः परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरु कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफार्म ने यह सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुँचे। ई-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सके। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें यह समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसलें उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में, स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कामन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गए, जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हर चीज की पेशकश करते हैं।

महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के लिए एक कठिन परीक्षा थी जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफार्मों ने यह सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। लद्दाख और केरल के छात्र भी भारत भर के शिक्षकों द्वारा तैयार की गई शिक्षण सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया, जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आईडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकार्ड तक पहुँच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में एक सहज वातावरण बन सका।

वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गई। डीपीआईआईटी की एक पहल, ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी ई-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है। डिजिटल कामर्स के कार्यों को एकीकृत करके, ओएनडीसी प्रतिस्पर्धा के मैदान को समतल कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे व्यवसाय आसानी से लाजिस्टिक्स, भुगतान और ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों तक पहुँच सकें।

नीति आयोग की अभिसरण भूमिका–मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है–जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएँ अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं- एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएँ जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुँच सकती हैं।

लेकिन यह सिर्फ़ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट्र की कहानी है–करोड़ों नागरिकों की कहानी है जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है जिन्होंने सेवा वितरण की नई कल्पना की। भारत का डिजिटल दशक सिर्फ़ तकनीक का नहीं है–यह बदलाव का दशक भी है और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

## राष्ट्रों के सामरिक विवादों से भविष्य में आर्थिक परेशानियां।

शांति प्रयासों की असफलता

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।युद्धों की परिणति से विश्व में आर्थिक विषमताएं तथा असमानताएं बढ़ती जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देश आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं इतिहास गवाह है कि युद्ध से कभी किसी का विकास नहीं हुआ और यह भविष्य की आर्थिक परेशानियों का बड़ा सबब रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है हजारों सैनिकों की आहुति चढ़ चुकी है।ताजा ताजा यूक्रेन ने 60 ड्रोन से रूस पर सबसे बड़ा हमला कर दिया और रूस के पास अब गोला बारूद की कमी होने लगी है। दूसरी तरफ इसराइल हमास युद्ध में ताजा खबरों के अनुसार लेबनान ने इसराइल पर बडा हमला करके अमेरिका के युद्ध विराम के प्रयासों पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। युद्ध विराम के तमाम प्रयासों के बावजूद रूस यूक्रेन तथा इसराइल हमास युद्ध रोकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैंद्य परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगेद्य इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें हैद्य इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं।रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया की सेना अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास की ओर अग्रसर होकर लगातार समुद्र तथा उत्तर कोरिया की सीमा पर चक्कर लगा रही है। उत्तर कोरिया इसे अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के हमले के पूर्वाभ्यास की तरह आंकलन कर रहा है । उधर अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया अपने त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइलों का मुकाबला करने हेतु संयुक्त रुप से बैलेस्टिक मिसाइल निर्माण तथा प्रयोग के सहयोग के लिए सहमति दे चुके हैं।

इन तीनों देशों की संयुक्त तैयारी को देखते हुए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने रणनीतिक क्रूज मिसाइल के प्रायोगिक परीक्षण का निरीक्षण भी किया है।

अमेरिका तथा पश्चिमी देश हर उस देश का साथ देने को तैयार है जो मूल रूप से चीन, उत्तर कोरिया और रूस का विरोध करते हैं।

**यह निजी विचार है।**

# आधार–सक्षम सेवाओं को अपनाने के उपरांत सहकारी बैंक और अधिक सशक्त, आधुनिक तथा सक्षम संस्थान बन जाएंगे

### सहकारी बैंक आत्मनिर्भर वित्तीय संस्थान बनकर आधार–सक्षम डिजिटल सेवाओं की आपूर्ति क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करेंगे

पीआईबी




सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने आज सहकारी बैंकों को आधार-सक्षम भुगतान सेवाओं से जोड़ने हेतु IDAI( भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) के संशोधित ढांचे पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में ढ्ढष्ठ्ठ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री भुवनेश कुमार, नाबार्ड के अध्यक्ष श्री शाजी के. वी., एवं सहकारिता मंत्रालय, UIDAI, NPCI (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) तथा नाबार्ड के अधिकारीगण सम्मिलित हुए। देशभर के सभी 34 राज्य सहकारी बैंकों (StCBs) और 351 जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (DCCBs) के प्रतिनिधि तथा 500 से अधिक प्रतिभागियों ने वर्चुअल माध्यम से कार्यशाला में भाग लिया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रस्तुत ÷सहकार से समृद्धि÷ के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसे केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के गतिशील नेतृत्व में साकार किया जा रहा है। इस पहल से सहकारी बैंक आधार-सक्षम सेवाओं को अपनाकर और अधिक सशक्त, आधुनिक और सक्षम संस्थान बन सकेंगे।

डॉ. भूटानी ने कहा कि यह पहल सहकारी बैंकों को आत्मनिर्भर एवं सक्षम वित्तीय संस्थानों के रूप में उनकी भूमिका का विस्तार करने और आधार-सक्षम डिजिटल सेवाओं की आपूर्ति क्षमता को और सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में वित्तीय समावेशन की पहुँच में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जो सहकारिता के माध्यम से समावेशी विकास के विज़न के अनुरूप है।

# भव्य पुस्तक मेला 2025 का आयोजन




रायपुर संवाददाता

कलिंगा विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष (रजत जयंती वर्ष) के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने हेतु उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशों के तहत 18 और 19 सितंबर, 2025 को दो दिवसीय पुस्तक मेला 2025 का आयोजन किया। यह पुस्तक मेला इन राज्य स्तरीय रजत जयंती समारोहों का एक अभिन्न अंग रहा, जिसमें समाज के निर्माण में पुस्तकों, ज्ञान और संस्कृति की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन कलिंगा विश्वविद्यालय के माननीय अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने किया, जिसमें मेवात (हरियाणा) के सेवानिवृत्त जिला सत्र न्यायाधीश श्री हरेंद्र सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद नासिर और पुस्तकालय स्टाफ के सदस्य तथा विभिन्न विभागों के संकाय प्रतिनिधि उपस्थित थे।



हिमाचल प्रदेश के शिमला में भारी वर्षा के कारण हुए भूस्खलन के बाद मलबे और पत्थरों से अवरुद्ध सड़क पर मरम्मत और बहाली का काम चल रहा है।



एनएसयूआई के राहुल झांसला 2025 के दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनावों में उपाध्यक्ष पद जीतने के बाद नई दिल्ली में जश्न मनाते हुए। आरएसएस से संबद्ध एबीवीपी ने इन चुनावों में अध्यक्ष पद सहित तीन पद जीते, जबकि कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई को इस बेहद रोमांचक चुनाव में केवल एक पद पर ही जीत मिली।

## एआई युग में भारत की आईटी सर्विस कंपनियों के राजस्व में 6 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली** ,भारतीय आईटी सर्विस कंपनियों के राजस्व में वित्त वर्ष 27 में 5-6 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसका मतलब है कि कार्य की मात्रा में 8-10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आईटी कंपनियां अमेरिका की मजबूत व्यापक आर्थिक पृष्ठभूमि से लाभान्वित होने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उनके टॉप अमेरिकी क्लाइंट्स ने कई वर्षों में अपनी सबसे मजबूत तिमाहियों में से एक दर्ज की है। रिसर्च फर्म के विश्लेषकों को उम्मीद है कि यह गति कॉर्पोरेट विश्वास को बढ़ाएगी और 2025 तक उच्च टेक्नोलॉजी खर्च को बढ़ावा देगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई एजेंट मल्टी-एजेंट सिस्टम में विकसित हो रहे हैं, जिससे एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर और इंफ्रास्ट्रक्चर के रिडिजाइन को बढ़ावा मिल रहा है। यह बदलाव भारतीय आईटी फर्मों के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में उद्योग के अनुमानों का हवाला दिया गया है, जो बताते हैं कि कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू होने पर अगले तीन से चार वर्षों में एआई आईटी सेवाओं के मूल्य को 8-10 प्रतिशत तक कम कर सकता है, जिसका मतलब है कि 2025-27 में इसका वार्षिक प्रभाव 3-4 प्रतिशत तक हो सकता है।

# जीएसटी सुधार के बाद कृषि यंत्र और ट्रैक्टर्स हुए सस्ते, किसानों को बड़ी राहत : श्री शिवराज सिंह

### कृषि यंत्रीकरण से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधि हुए शामिल, सभी ने जीएसटी दरों में कमी का किया स्वागत

### कृषि यंत्र निर्माता संगठन, बिचौलियों की भूमिका को निष्क्रिय करते हुए किसानों तक सीधा लाभ पहुंचाए- श्री चौहान

### विभिन्न संचार माध्यमों से किसानों तक जीएसटी सुधारों के लाभ का प्रचार-प्रसार किया जाएगा - श्री शिवराज सिंह

पीआईबी



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रीकरण संघ (टीएमए), कृषि मशीनरी निर्माता संघ (एएमएमए), अखिल भारतीय कम्बाइन हार्वेस्टर निर्माता संघ (एआईसीएमए) तथा पावर टिलर एसोसिएशन ऑफइंडिया (पीटीएआई) सहित अन्य संबंधित संगठनों के प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत और वर्चुअल माध्यम से भागीदारी की।

बैठक के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से बातचीत की। जीएसटी दरों में सुधार के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और बैठक के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि यंत्रों पर भी जीएसटी की दरें जो पहले 18 प्रतिशत और 12 प्रतिशत थी, अब घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। यह घटी हुई दरें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी। इसका लाभ सीधा किसान भाइयों-बहनों को मिलेगा। हमारा संकल्प है कि किसान भाइयों-बहनों की आमदनी बढ़े और इसके लिए जरूरी है उत्पादन बढ़ाना और उत्पादन की लागत कम करना। कृषि यंत्रीकरण दोनों ही स्थितियों में जरूरी है उत्पादन बढ़ाने के लिए भी और उत्पादन की लागत कम करने के लिए भी है। मशीनें जरूरी हैं चाहे ट्रैक्टर हो, हार्वेस्टर हो, थ्रेसर, पावर टिलर या छोटी मशीनें सभी की खेती में आवश्यकता पड़ती है। यह उत्पादन बढ़ाने और उत्पादन की लागत कम करने दोनों में मददगार हैं।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जीएसटी की दरों में सुधार का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए आज एक बैठक बुलाई गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बैठक में सभी मशीन निर्माता संघों के प्रतिनिधियों से यही आग्रह किया गया है कि 22 सितंबर से जीएसटी की घटी हुई दरों का सीधा लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों तक पहुंचे। श्री चौहान ने कहा कि जीएसटी दरों में सुधार एक बड़ा कदम है। इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ट्रैक्टर 35 एचपी अब 41,000 रुपये सस्ता हो गया है। ट्रैक्टर 45 एसपी पर अब 45,000 रुपये सस्ता मिलेगा।

**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड**

SHRIRAM Finance

**पंजीकरण कार्यालय:** श्री टावर्स, प्लाट क्र. 14ए, साउथ फेज इंडस्ट्रियल स्टेट, गिंडी, चेन्नई- 600 032
**शाखा कार्यालय :** क्रमांक 24 बीबी, प्रथम तल, एरिना स्क्वायर, सेक्टर-बी, स्लाइस क्रमांक 5, स्कीम क्रमांक 78, ए.बी. रोड, इंदौर, एमपी-452001
**वेबसाइट:** www.shriramfinance.in

SHRIRAM City
MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

**भौतिक कब्ज़ा सूचना**

**नोट : यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार “श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड' ' को “श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। इसके बाद 'श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड' का नाम बदलकर '' श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक 30.11.2022 के नाम परिवर्तन के अनुसार निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी(ओं)/सह-ऋणी(ओं)/बंधककर्ता(ओं) को उक्त मांग नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया है, जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI अधिनियम) की धारा 13 (4) के साथ प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित बंधक संपत्तियों का भौतिक कब्जा इस **18 सितंबर 2025** को ले लिया है।

| उधारकर्ता का नाम और पता |
|---|
| 1) केसी फ्रूट कंपनी प्रतिनिधि श्री राकेश चौहान (उधारकर्ता) बी-ब्लॉक, 15/16, बालाजी फ्रूट मार्केट, लालपुर, देवपुरात, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 492001<br>2) श्री राकेश चौहान (सह-उधारकर्ता/गारंटर) मकान क्रमांक 609/15, प्रगति विहार, कॉलोनी, शिव मंदिर के पास रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001<br>3) श्रीमती मानसु माधुरी चौहान (सह-उधारकर्ता/गारंटर) मकान क्रमांक 609/15, प्रगति विहार, कॉलोनी, शिव मंदिर के पास रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 |
| **मांग सूचना के अनुसार देय राशि** |
| 60,81,376/- रुपये ( साठ लाख इक्यासी हजार तीन सौ छिहत्तर रुपये मात्र ), 19 मई 2023 तक , ऋण खाता संख्या RSRPRLP2204080005 के अंतर्गत, अतिरिक्त ब्याज और शुल्क के साथ-साथ लागत और शुल्क के साथ शर्तों के अनुसार शुल्क ।<br>मांग सूचना दिनांक:- 02-06-2023 |
| **संपत्ति का विवरण** |
| औद्योगिक व्यपवर्तित भूमि मौजा कोड़ेवाल, पी.एच.क्र. 031 आर.एन.एम. कुरुद, जिला - धमतरी, खसरा क्र. 1079 में स्थित, कुल क्षेत्रफल 0.15 हेक्टेयर (16140 वर्ग फीट)<br>सीमा विवरण: उत्तर: सीसी रोड, दक्षिण: - भागीराम का मकान पूर्व: बुध राम का मकान, पश्चिम: - भानुराम का मकान |

यह नोटिस आम जनता को सचेत करने के लिए भी है कि एसएफएल का अधिकृत अधिकारी ऊपर उल्लिखित अचल संपत्तियों के वैध भौतिक कब्जे में है और उधारकर्ता या कोई भी व्यक्ति इस नोटिस की प्राप्ति के बाद एसएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना इस नोटिस में उल्लिखित किसी भी उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्यथा सौदेबाजी/अलगाव के माध्यम से हस्तांतरित नहीं करेगा।

स्थान : धमतरी / छ.ग.
दिनांक : 18-09-2025

एसडी / - प्राधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लि.

# दो साल में बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड की एयूएम 5,400 करोड़ रुपये पार, निवेशकों का भरोसा बरकरार

### स्थायी विकास और लंबे समय में पैसा बनाने के लिए मेगाट्रेंड्स रणनीति का लाभ उठाया

### महज दो सालों में, 2,52,388 फोलियोज में बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड की एयूएम बढ़कर 5410,04 करोड़ रुपये हो गई है (31 अगस्त 2025 तक)

लोकशक्ति

**19 सितंबर 2025:** बजाज फिनसर्व एएमसी ने अपने प्रमुख इक्विटी फंड, बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड की दूसरी वर्षगांठ मनाई। इस फंड की निवेश रणनीति ‘मेगाट्रेंड्स’ पर आधारित है। इस फंड ने केवल दो वर्षों में अपनी प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) को 5,410.04 करोड़ रुपये (31 अगस्त 2025 तक) तक पहुंचाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अपनी शुरुआत से ही फंड ने मजबूत प्रदर्शन दिखाया है, जिसमें रेगुलर प्लान के तहत 19.19%* और डायरेक्ट प्लान के तहत 20.91%* की सीएजीआर दर से वृद्धि हासिल की है (31 अगस्त 2025 तक)।

इस फंड ने एक खास तरह की निवेश रणनीति मेगाट्रेंड्स को अपनाया है। इस रणनीति का मकसद उन बड़े और लंबे समय तक चलने वाले बदलावों का फायदा उठाना है जो दुनिया में हो रहे हैं। ये बदलाव कई तरह के हो सकते हैं, जैसे नई-नई तकनीकें आना, नियमों में बदलाव, जनसंख्या से जुड़े बदलाव, पर्यावरण और सामाजिक बदलाव। यह फंड उन कंपनियों को चुनता है जो इन बदलावों से फायदा उठा सकती हैं। ऐसा करके, इसका लक्ष्य है कि निवेशकों को लंबे समय तक अच्छी ग्रोथ मिल सके। अभी, इस फंड ने 81 अलग-अलग शेयरों में पैसा लगाया हुआ है। इसमें लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप में सक्रिय आवंटन का मिश्रण शामिल है, जिसमें प्रमुख क्षेत्रों में बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, फार्मास्यूटिकल्स और बायोटेक्नोलॉजी, विद्युत उपकरण, औद्योगिक उत्पाद, रिटेल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, आईटी सॉफ्टवेयर, रियल एस्टेट और पेय पदार्थ शामिल हैं।

अगस्त 2023 में लॉन्च किये गये, बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड ने लगातार निवेशकों का भरोसा जीता है और 2,52,388 फोलियो (31 अगस्त 2025 तक) तक पहुंच गया है, जो निवेशकों के विश्वास और विभिन्न बाजार पूंजीकरण में फंड की चुस्त रणनीति को दर्शाता है। बीएसई 500 टीआरआई के खिलाफ बेंचमार्क, यह फ्लेक्सी कैप फंड लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप में मेगाट्रेंड्स के अवसरों को हासिल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह एएमसी के पोर्टफोलियो में सबसे तेजी से बढ़ने वाली योजनाओं में से एक बन गया है।

फंड की इस उपलब्धि के बारे में, श्री गणेश मोहन, प्रबंध निदेशक, बजाज फिनसर्व एएमसी ने कहा, ÷हमारा फ्लेक्सी कैप फंड एक बहुत खास इक्विटी फंड था, जिसे हमने एक अनोखी ‘मेगाट्रेंड’ थीम के साथ शुरू किया था। इस फंड की दूसरी सालगिरह पर, मैं इसकी ग्रोथ और शानदार परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूँ। फंड की यह सफलता हमारे निवेशकों और वितरकों के हम पर दिखाए गए भरोसे को दिखाती है। वहीं, इसका अच्छा प्रदर्शन हमारी खास निवेश सोच और काम करने के तरीके को भी साबित करता है। आगे चलकर, हमारा लक्ष्य अनोखे और दमदार फंड बनाना जारी रखना है। हम एक चुस्त और सही तरीके से काम करने वाले निवेश प्रबंधन के साथ, सभी भारतीयों के लिए लंबे समय तक संपत्ति बनाने पर ध्यान देते रहेंगे।÷

फंड के प्रदर्शन पर विस्तार से बताते हुए, निमेश चंदन, चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर, बजाज फिनसर्व एएमसी ने कहा, ÷बजाज फिनसर्व फ्लेक्सी कैप फंड एक सच्चा फ्लेक्सी कैप फंड है जो लंबे समय में मेगाट्रेंड्स से लाभान्वित होने वाले व्यवसायों में निवेश करता है। फंड हमारी इन-हाउस इनक्यूब निवेश फिलॉसफी का लाभ उठाता है - यह इनफॉर्मेशन, क्वॉन्टिटेटिव और बिहेव्यिरल लाभ का एक शानदार मिश्रण है, जो सावधानी से शेयर चुनने और आवंटन में मदद करता है। प्रवाह के साथ चलने के बजाय, फंड ‘प्रवाह की आशा’ पर ध्यान देता है, उन कंपनियों में निवेश करता है जो भविष्य में लाभ हासिल करने के लिए आगे बढ़ रही हैं। नतीजतन, फंड में उच्च सक्रिय हिस्सेदारी है। यह दृष्टिकोण अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलावों से उभरने वाले अवसरों को हासिल करने और लंबे समय में टिकाउ मूल्य प्रदान करने की अनुमति देता है।÷

बजाज फिनसर्व एएमसी ने 2023 में अपनी पहली योजना के लॉन्च के बाद से आकार और दायरे में काफी वृद्धि की है। फंड विविध उत्पादों की पेशकश करता है और वर्तमान में इसके पास 17 सक्रिय योजनाएं (8 इक्विटी, 5 डेट, और 4 हाइब्रिड) और 5 निष्क्रिय योजनाएं हैं।

## 2040 तक एआई ग्लोबल ट्रेड को 40 फीसदी तक बढ़ा देगा : डब्ल्यूटीओ

जिनेवा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में दावा किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभाव से 2040 तक वैश्विक व्यापार में उल्लेखनीय बदलाव आएगा, जिससे व्यापार में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। डब्ल्यूटीओ ने अपने प्रमुख प्रकाशन, विश्व व्यापार रिपोर्ट 2025 के संस्करण में कहा कि एआई के विकास और उपयोग से वैश्विक जीडीपी में 12 से 13 प्रतिशत की वृद्धि होने का भी अनुमान है।

एआई 2040 तक व्यापार और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उल्लेखनीय वृद्धि ला सकता है, जिससे ग्लोबल ट्रेड में 34 से 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान है। रिपोर्ट में अर्थव्यवस्थाओं को कच्चे माल, सेमीकंडक्टर्स और इंटरमीडिएट इनपुट सहित एआई-इनेबल गुड्स तक पहुंच प्रदान करके समावेशी एआई-समर्थित विकास को सक्षम करने में व्यापार की भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। अनुमान है कि 2023 में इन वस्तुओं का वैश्विक व्यापार कुल 2.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का होगा।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# व्यापारी से लूट के मामले मे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



जांजगीर चांपा / नैला में व्यापारी से लूट के मामले में आरोपीयों को पकड़ने की कार्यवाही में शामिल पुलिस अधिकारी , कर्मचारियों का आज पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया ।

इनमें निरी. मणीकांत पाण्डेय थाना प्रभारी जांजगीर , निरीक्षक पारस पटेल थाना प्रभारी मुलमुला , उप निरीक्षक विनोद जाटवर चौकी प्रभारी नैला , उप निरीक्षक भवानी सिंह थाना जांजगीर , सउनि. विवेक कुमार सिंह साइबर सेल , स.उ.नि. अरूण सिंह थाना चाम्पा , प्र.आर. मनोज तिग्गा साइबर सेल , प्र.आर. विवेक सिंह साइबर सेल , प्र.आर. राजकुमार चंद्रा थाना जांजगीर , प्र.आर. राकेश तिवारी थाना जांजगीर , प्र.आर. भीम श्रीवास चौकी नैला , प्र.आर. रूद्र कश्यप चौकी नैला , प्र.आर. सतीश राणा चौकी नैला , प्र.आर. जगदीश अजय चौकी नैला , प्र.आर. विरेन्द्र टंडन थाना चाम्पा, म.प्र.आर. राजकुमारी खुंटे, म.प्र.आर. निशा पाण्डेय महिला सेल ,आर. रोहित कहरा साइबर सेल , आर गिरीश कश्यप साइबर सेल ,आर. प्रदीप दुबे साइबर सेल , आर. माखनलाल साहू साइबर सेल , आर श्रीकांत सिंह साइबर सेल , आर आनंद किशोर सिंह साइबर सेल , आर विशाल कौशिक साइबर सेल ,आर सिदार सिंह पैकरा साइबर सेल ,आर. द्वारिका साहू चौकी नैला , आर. डी.के. साहू चौकी नैला , आर. अश्वनी मार्बल चौकी नैला , आर. गोपाल राजवाड़े चौकी नैला , आर. शिवराय सागर थाना जांजगीर , आर. नितीन द्विवेदी थाना शिवरीनारायण , आर. दीपक कश्यप रिस्पांस टीम , आर. आशीष यादव रिस्पांस टीम , म. आर. रेखा यादव थाना जांजगीर , म. आर. निरमा टोप्पो चौकी नैला , म.आर. दिव्या सिंह साइबर सेल , आर. शहबाई अहमद साइबर सेल शामिल है।

# बोड़सरा शराब दुकान का चोरी हुए लाकर बरामद



जांजगीर चांपा/ बोड़सरा शराब दुकान से चोरी हुए लाकर को आज बरामद कर लिया गया है । मामले का विवरण इस प्रकार है कि चौकी नैला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोड़सरा के शराब दुकान का दिनांक 18 मई 2025 की दरमियानी रात्रि में किसी अज्ञात आरोपी द्वारा ताला तोड़कर दिवाल उखाड़ कर लाकर को तोड़कर शराब बिक्री का नगदी रकम 2,42,190 रुपए को लाकर सहित चोरी कर ले गया था जिसकी सूचना रिपोर्ट पर चौकी नैला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। दिनांक 13 सितंबर 2025 को सायबर टीम एवं नैला पुलिस द्वारा पूर्व में नैला क्षेत्र के व्यापारी से 10 लाख रुपए की उठाईगिरि के मामले में पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी मुकेश सूर्यवंशी निवासी नैला वार्ड नं. , चौकी नैला एवं नितेश पंडित उर्फविक्की निवासी अमोरा थाना मुलमुला के द्वारा बोड़सरा के शराब दुकान का ताला तोड़कर लाकर में रखे नगदी रकम को चोरी कर ले जाना कबुल किये थे। आरोपी मुकेश सूर्यवंशी के द्वारा बोड़सरा शराब दुकान से दुकान मे रखे लाकर को अपने साथीयो के साथ नैला स्थित बड़ी नहर मे ले जाकर तोड़फोड़कर उक्त नगदी रकम को निकालना तथा लाकर को नहर मे फेकना बताया था जिसे माननीय न्यायालय से आज दिनांक को पुलिस रिमाण्ड् पर लेकर उसके निशादेही पर नैला स्थित बड़ी नहर से बरामद कर जप्ती किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक विनोद जाटवर चौकी प्रभारी नैला, प्र.आर. रूद्रनारायण कश्यप, जगदीश प्रसाद अजय, आरक्षक संतोष रात्रे, ओमप्रकाश कर्ष, डिकेश्वर साहू, चंद्रशेखर कंवर, एवं चौकी नैला स्टॅाप का सराहनीय योगदान रहा।

## भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर का प्रथम आगमन जांजगीर में आज

– जांजगीर चांपा / भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर का आज प्रथम जांजगीर आगमन होगा। इस दौरान उनका स्वागत बजे भाजपा कार्यालय में किया जाएगा जिसमें अंबेश जांगड़े जिलाध्यक्ष- भाजपा जिला जांजगीर-चांपा ,नंद चौधरी, श्रीमती नंदनी राजवाड़े, महामंत्री भाजपा जिला जांजगीर-चांपा ,धनंजय सिंह ठाकुर मौजूद रहेंगे । जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा जांजगीर-चांपा राकेश शुक्ला, हितेश यादव महामंत्री, भाजपा जिला किसान मोर्चा ने उक्ताशय की जानकारी दी है ।

# श्री श्री दुर्गा उत्सव में आने का आमंत्रण दिया गया प्रतिपक्ष नेता चरण दास महंत को सौमित्र शर्मा ने



जांजगीर-चांपा

श्री श्री दुर्गा उत्सव नैला जांजगीर में आमंत्रण हेतु प्रतिपक्ष नेता डॉक्टर चरण दास महंत को सतीश शर्मा के सुपुत्र सौमित्र ( गोपू ) शर्मा ने उन्हें आमंत्रण कार्ड देखकर आने का आग्रह किया । यहां यह बताना लाजिमी होगा कि नैला का दुर्गा उत्सव प्रदेश ही नहीं बल्कि अन्य प्रदेशों में भी बहुत प्रसिद्ध है चहूँ ओर इसकी चर्चा व्याप्त रहती है।

# राजमिस्त्री संघ द्वारा ग्राम पंचायत गिद्धा में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

## भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के प्रथम वास्तुकार - राजकुमार साहू



जांजगीर-चाम्पा। नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गिद्धा में राजमिस्त्री संघ द्वारा भगवान विश्वकर्मा का भव्य पूजा का आयोजन किया गया। साथ ही राजमिस्त्री संघ द्वारा जय माँ महामाया द्वारा पंडवानी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में मुख्यअतिथि जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू भगवान विश्वकर्मा का दर्शन करने पहुंचे। श्री साहू द्वारा विधिवत भगवान विश्वकर्मा का पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली का कामना किये। उपस्थित लोगों को सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा, जिन्हें निर्माण, वास्तुकला, शिल्पकला, यांत्रिकी एवं तकनीकी कौशल का देवता माना जाता है। वे सभी शिल्पकारों, इंजीनियरों, कारीगरों, बढ़ई और तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के आराध्य देव हैं।भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मा के मानस पुत्र हैं और उन्हें सृष्टि का प्रथम वास्तुकार माना जाता है। उनकी गणना पंचदेवों में की जाती है और वे दिव्य निर्माणों के अधिपति हैं। विश्वकर्मा जी को कई चमत्कारी और दिव्य निर्माणों के लिए जाना जाता है- स्वर्ग लोक, इंद्रपुरी अमरावती, पुष्पक विमान, द्वारका नगरी, इंद्र का वज्र, शिवजी का त्रिशूल, विष्णु का सुदर्शन चक्र और कुबेर का पुष्पक रथ भी इनके निर्माण माने जाते हैं। इस दौरान समारू साहू, अध्यक्ष परदेशी यादव, दिलहरण साहू, लतेल साहू, रोशन साहू,संतोष साहू, रामचरण साहू, ममता अशोक कश्यप, गणपति दुखुराम साहू, गगन साहू, दौलत राम साहू,जगनथिया साहू सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह : कृषि विज्ञान केंद्र में वृहद किसान सम्मेलन, जैविक मेला एवं प्रशिक्षण का आयोजन

## किसानों को फसल चक्र, अत्याधुनिक कृषि यंत्र व नवीन तकनीकों की दी गई जानकारी

## कार्यक्रम में ड्रोन से दवाई छिड़काव का लाइव प्रदर्शन किया गया






जांजगीर-चांपा, / बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के दूसरे दिवस आज कृषि विज्ञान केंद्र जर्वे (च) में वृहद किसान सम्मेलन, जैविक मेला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक जांजगीर-चांपा श्री ब्यास कश्यप, कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय वृहद किसान सम्मेलन, जैविक मेला एवं प्रशिक्षण में शामिल हुए। इस अवसर पर जिलेभर से आए किसानों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने उपस्थित किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, दलहन तिलहन फसल, फसल चक्र, कृषि क्षेत्र की नवीन तकनीकों, योजनाओं और नीतियों की जानकारी दी। साथ ही किसानों को फसलों को बीमारियों से बचाने, उत्पादन बढ़ाने तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सम्मेलन में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभागीय स्टालों में मछली पालन, सब्जी उत्पादन, कुक्कुट पालन जैसी गतिविधियों की जानकारी दी गई। किसानों को रासायनिक दवाओं के स्थान पर जैविक दवाओं के उपयोग पर जोर दिया गया। इसी कड़ी में ड्रोन दीदी द्वारा ड्रोन का लाइव प्रदर्शन किया गया एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रचार प्रसार रथ के माध्यम से किसानों को योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए योजना का लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को प्राकृतिक कृषि, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण और बीज की गुणवत्ता जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। किसानों की समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना गया। किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया, जिसमें उन्होंने आधुनिक खेती की विधियों को विस्तार से देखा और समझा। इस दौरान विधायक, कलेक्टर, एसपी सहित जनप्रतिनिधियों ने सभी स्टालों, कृषि यंत्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

विधायक जांजगीर-चांपा श्री ब्यास कश्यप ने कहा कि किसानों को रबी फसलों के महत्व और खेती में विविधता लाने के लिए इस संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन से ही किसान सही तकनीक अपना सकेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण देकर नई तकनीकों से अवगत कराया जा रहा है। विधायक ने कहा कि योजनाओं का लाभ लेकर किसान न केवल अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं बल्कि जिले की समृद्धि में भी योगदान दे सकते हैं।

कलेक्टर श्री महोबे ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले की पहचान कृषि प्रधान क्षेत्र के रूप में है । उन्होंने बताया कि तकनीक और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन किया जा रहा है। पंजीयन में समस्या आने पर किसान राजस्व एवं संबंधित अधिकारियों से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने फसलचक्र के बारे में प्रेरित करते हुए कहा कि रबी सीजन में अधिक आय देने वाली वैकल्पिक फसलें अपनाएँ। उन्होंने दलहन-तिलहन, ऑयल पाम की खेती सहित अधिक आय वाले वैकल्पिक फसलें इसके साथ मशरूम उत्पादन, कुक्कुट पालन, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन गेंदा की खेती जैसे अन्य खेती किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया कि एग्रीस्टैक पंजीयन, डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण और गिरदावरी के कार्यों में सक्रियता दिखाएँ। साथ ही फसल बीमा योजना का लाभ उठाकर प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्राप्त करें। किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग के अधिकारियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने और नवीन तकनीक का उपयोग करने का आह्वान किया। विविध खेती और तकनीकी नवाचार अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के किसान धान और सब्जी-भाजी की खेती में अग्रणी हैं । कुछ लोग महुआ निर्माण में भी संलग्न रहते हैं, जिससे नशे की प्रवृत्ति बढ़ती है। उन्होंने अपील की कि वे न केवल स्वयं इस कार्य से दूर रहें बल्कि दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो इसमें संलिप्त है उन्हे आरएसटी, केवीके, कृषि विभाग और कौशल तकनीक से जोड़कर मार्गदर्शन मिल दिया जाएगा।जिससे वे तकनीकों का प्रयोग करेंगे सही दिशा में आगे बढ़ेंगे और जिले को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे। नशा मुक्त समाज से अपराधों में भी कमी आएगी। पुलिस अधीक्षक ने आगामी गेंदा महोत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि गेंदा की खेती करने के इच्छुक किसानों को पुलिस विभाग की ओर से महोत्सव में ले जाया जाएगा, जहाँ उन्हें आधुनिक तकनीक और उच्च पैदावार की जानकारी प्राप्त होगी।

उप संचालक कृषि श्री ललित मोहन भगत ने कहा कि यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। आज कार्यक्रम के दूसरे दिन भी विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को आधुनिक कृषि से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस सत्र का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित करना और नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना है, ताकि किसान उत्पादन बढ़ाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। इस अवसर पर श्री दिनेश शर्मा, श्री देवेश सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ के डी महंत, सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती रंजना माखिजा, सहायक संचालक मत्स्य श्री दुष्यंत सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी कर्मचारी, कृषि वैज्ञानिकगण, गणमान्य नागरिक एवं कृषक गण उपस्थित थे।









किसानों को फसल चक्र, अत्याधुनिक कृषि यंत्र व नवीन तकनीकों की दी गई जानकारी कार्यक्रम में ड्रोन से दवाई छिड़काव का लाइव प्रदर्शन किया गया

खास खबर

## करंट हादसे में मौतः हाई कोर्ट ने मुआवजा बढ़ाया, बिजली कंपनी की अपील खारिज

**बिलासपुर,** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने करंट से हुई मौत के एक मामले में बिजली विभाग को दोषी ठहराते हुए मृतक के परिवार को 7,68,990 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने विभाग की अपील खारिज करते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति से जुड़े कार्य खतरनाक होते हैं, इसलिए हादसे में सीधी लापरवाही साबित न होने पर भी विभाग की जिम्मेदारी तय होगी। यह फैसला जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की सिंगल बेंच ने दिया। मामला जांजगीर-चांपा जिले के मलकहारौदा क्षेत्र का है, जहां चित्रभान नामक ग्रामीण की करंट लगने से मौत हो गई थी। चित्रभान, पिकरीपार गांव के रहने वाले थे और खेती व मजदूरी से परिवार का भरण-पोषण करते थे। 6 मई 2021 की शाम वे घर लौट रहे थे, तभी घर के सामने से गुजर रही झूलती हुई लो-टेंशन तार की चपेट में आ गए। यह तार 11 केवी लाइन से जुड़ी थी और कई दिनों से लटक रही थी। स्थानीय लोगों ने कई बार बिजली विभाग को इसकी जानकारी दी थी, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। दुर्घटना में चित्रभान की मौके पर ही मौत हो गई। उनके परिवार में पत्नी शांति बाई, तीन बेटियां और माता-पिता आश्रित थे। पत्नी ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए 28.90 लाख रुपये का मुआवजा मांगा था। फरवरी 2024 में ट्रायल कोर्ट ने 4 लाख रुपये मुआवजा तय किया था। इसके खिलाफ मृतक परिवार ने हाई कोर्ट में अपील की। हाई कोर्ट ने माना कि विभाग ने समय पर तार की मरम्मत नहीं की, जिससे यह हादसा हुआ। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के शैल कुमारी बनाम एमपी इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड केस का हवाला देते हुए कहा कि बिजली सप्लाई का कार्य जोखिम भरा होता है और इस पर 'स्ट्रिक्ट लाइबिलिटी' (कठोर जिम्मेदारी) लागू होती है। यानी विभाग इस हादसे से बच नहीं सकता, भले ही प्रत्यक्ष लापरवाही न भी हो। हाई कोर्ट ने विभाग की अपील खारिज करते हुए मुआवजा राशि बढ़ाकर 7,68,990 रुपये कर दी और इसके साथ 6त्न सालाना ब्याज तीन महीने के भीतर पीड़ित परिवार को भुगतान करने का आदेश दिया।

## हाईकोर्ट का शिक्षा विभाग पर सख्त रुख, आरटीई फर्जीवाड़े पर शिक्षा सचिव की अनुपस्थिति पर नाराजगी

**बिलासपुर,**। शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत हो रहे कथित फर्जीवाड़े को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग के प्रति कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने शिक्षा सचिव की गैरमौजूदगी पर गहरी नाराजगी जताई। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा, अदालत को मजाक न समझें। कोर्ट ने शिक्षा सचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने और शपथपत्र के माध्यम से यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया कि आरटीई नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफअब तक क्या कार्रवाई की गई है। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर 2025 को निर्धारित की गई है। यह जनहित याचिका भिलाई के सामाजिक कार्यकर्ता भगवंत राव ने अधिवक्ता देवर्षि ठाकुर के माध्यम से दायर की थी।

# पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने किया बिलासपुर जिले का वार्षिक निरीक्षण






**बिलासपुर।**

बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला (आईपीएस) ने आज बिलासपुर जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस ग्राउंड में आयोजित निरीक्षण परेड में आईजी को रक्षित निरीक्षक भूपेंद्र गुप्ता सहित जिला पुलिस की 8 टुकड़ियों और पुलिस बैण्ड ने सलामी दी।

वार्षिक परेड में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह (आईपीएस) के नेतृत्व में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना-चौकी प्रभारी, यातायात पुलिस और पुलिस लाइन के कुल 231 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। परेड के दौरान मार्च पास्ट, स्क्वाड ड्रील, बलवा ड्रिल, फायरिंग अभ्यास एवं शासकीय वाहनों का निरीक्षण कराया गया। टर्न आउट निरीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को आईजी द्वारा पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

परेड उपरांत चेतना हॉल में पुलिस सम्मेलन का आयोजन हुआ, जहां आईजी डॉ. शुक्ला ने अधिकारियों और जवानों की समस्याएं सुनीं और उनका त्वरित निराकरण किया। इस दौरान उन्होंने जिले की उपलब्धियों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि पुलिस थानों में जनता से बेहतर व्यवहार करें, अनुशासन बनाए रखें और नवीन कानूनों एवं तकनीकों जैसे ई-साक्ष्य, ई-समन, Netgrid, I-RAID, ICJS और CCTNS का अधिकतम उपयोग विवेचना कार्यों में करें। साथ ही जवानों को स्वास्थ्य और कार्य-परिवार संतुलन बनाए रखने की सलाह दी।

कार्यक्रम में आईजी ने 'चेतना अभियान' के अंतर्गत यातायात शिक्षा हेतु तैयार पुस्तक का विमोचन भी किया। रक्षित निरीक्षक भूपेंद्र गुप्ता द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में तैयार इस पुस्तक में यातायात नियमों और आधुनिक तकनीकों की महत्वपूर्ण जानकारी संकलित की गई है।

निरीक्षण के दौरान डॉ. शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और रक्षित केंद्र की सभी शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की तथा शाखा प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन कार्यालय का निरीक्षण किया और जवानों के लिए तैयार डबल स्टोरी नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया।

आईजी ने एसपी कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के व्यवस्थित कार्यों की सराहना करते हुए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा और डीएसपी मुख्यालय श्रीमती रश्मित कौर चावला के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रभारियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित भी किया।

# सिम्स को मिला मल्टी यूटिलिटी वाहन,स्वास्थ्य सेवाओं में होगी और मजबूती

**बिलासपुर,**

केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री श्री तोखन साहू की उपस्थिति में शहर विधायक अमर अग्रवाल जी के द्वारा विधायक निधि से 12 लाख 57 हजार की लागत से छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) को मल्टी यूटिलिटी वाहन प्राप्त हुआ है। इस वाहन की चाबी विधायक अमर अग्रवाल जी ने सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति को सौंपी। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, डॉ. भूपेंद्र कश्यप, डॉ. ए. आर. बेन, डॉ. अमित ठाकुर, डॉ मधुमिता मूर्ति डॉ सुपर्णा गांगुली डॉ संगीता रमन जोगी डॉ. समीर पैकरा सहित सिम्स के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मल्टी यूटिलिटी वाहन की उपयोगिता अस्पताल में महत्वपूर्ण है। यह वाहन स्वास्थ्य सेवाओं में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान देगा। इसके माध्यम से आपातकालीन सेवा के तहत मरीजों को अस्पताल से अन्य चिकित्सा केंद्रों या जांच सुविधाओं तक तुरंत पहुँचाने की सुविधा होगी।



ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर, टीकाकरण, महिला एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों को पहुँचाने में सहयोग करेगा।


### रोगियों की परिवहन सुविधा में

गंभीर मरीजों, वृद्धजनों और महिला रोगियों को सुरक्षित रूप से अस्पताल के विभिन्न विभागों तक ले जाने में सहायक होगा।

### दवाइयाँ और चिकित्सा सामग्री

रक्त, दवाइयाँ, ऑक्सीजन सिलेंडर व अन्य मेडिकल किट को तेज़ी और सुरक्षा के साथ पहुँचाया जा सकेगा।

आपदा प्रबंधन जैसे कि दुर्घटना, बाढ़, महामारी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में राहत कार्य और मरीजों के सुरक्षित स्थानांतरण में सहायक होगा। विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, मातृ-शिशु सेवाएँ तथा टीबी, मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों के नियंत्रण कार्यक्रमों को गाँव-गाँव तक पहुँचाने में उपयोगी होगा। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि ÷यह मल्टी यूटिलिटी वाहन अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, तेज़ और प्रभावी बनाएगा। इससे मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी और सिम्स की सेवा क्षमता और मजबूत होगी।



## डीएमएफमद से दो करोड़ 16 लाख 94 हजार 766 रूपये की राशि स्वीकृत

**कोरबा** कोरबा जिला प्रशासन ने जिले के प्रसिद्ध सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के विकास के लिए डीएमएफमद से दो करोड़ 16 लाख 94 हजार 766 रूपये की राशि स्वीकृत की है। कोरबा जिला प्रशासन द्वारा कनकेश्वर महादेव मंदिर, मां मड़वारानी मंदिर और मां मातिन दाई मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व्यवस्था, मंच, आर्च-शेड, सोलर पावर प्लांट आदि के लिए डीएमएफ से राशि मंजूर की गई है। इनमें करतला विकासखंड में मां मड़वारानी मंदिर परिसर में मंच निर्माण के लिए 19 लाख 92 हजार रुपए, आर्च-शेड निर्माण के लिए 25 लाख 97 हजार रुपए, पाइपलाइन बिछाकर पेयजल व्यवस्था के लिए 39 लाख 67 हजार रुपए शामिल हैं। इन कार्यों के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा कनकेश्वर महादेव मंदिर कनकी में मंदिर परिसर में शेड निर्माण के लिए 45 लाख 50 हजार रुपए और 2.4 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट की स्थापना के लिए छह लाख 82 हजार 360 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# विभाग स्तरीय खेलकुद समारोह प्रारंभ

**कोरबा ।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजना से कोरबा विभाग के सरस्वती शिशु मंदिरो में अध्यनरत भैयाध्बहिनो का तीन दिवसीय खेलकूद समारोह सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में प्रारंभ हुआ। दिनांक 13 सितम्बर को उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री अजय सिंह कोरम (अधीक्षण यंत्री छ.रा.वि.मं. दर्री), अध्यक्षता श्री धनंजय सिंह (अध्यक्ष स. शि. मं. दर्री ), संस्थान प्रतिनिधि श्री नरेश जायसवाल (प्रांत प्रमुख वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छ. ग.), श्री अर्जुन सिंह पटेल ( जिला प्रतिनिधि कोरबा जिला), श्री दीपक सोनी ( विभाग समन्वयक कोरबा विभाग), संयोजक श्री भीष्मदेव सिंह ( व्यवस्थापक स. शि. मं. दर्री), खेल प्रभारी श्री चिंतामणी कौशिक (प्राचार्य स. शि. मं. कुसमुण्डा), डॉ मंजुला साहू, श्रीमती मालती जोशी, श्री नवल किशोर शुक्ला (प्राचार्य स. शि. मं. दर्री) मंच में विराजमान थे।

मां सरस्वती, मां भारती एवं ओमकार के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर दीप मंत्र के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विद्यालय के बहिनो द्वारा सुमधुर वंदना वाद्य यंत्रो के साथ हुआ, श्री दीपक सोनी द्वारा अतिथियों का परिचय एवं श्री नवल किशोर शुक्ला एवं श्रीमती सुषमा बारस्कर के द्वारा अतिथियो का स्वागत किया गया। श्री दीपक सोनी ने विभाग स्तरीय खेलकुद का सारगर्भित जानकारी सभी के समक्ष प्रस्तुत किया । मुख्य अतिथि ने सरस्वती शिशु मंदिर के अनुशासन की भरि भुरि प्रसंशा करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। नरेश जायसवाल ने विद्या भारती द्वारा आयोजित विद्यालय स्तर से अखिल भारतीय स्तर तक की खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि विद्या भारती में पांच आधारभूत विषयों को जोडा गया है। शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संगीत शिक्षा, सस्कृत शिक्षा और नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

# बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और कलेक्टर हुए शामिल

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत श्रम विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 1072 श्रमिकों की हुई जांच

### नुक्कड़ नाटक से दिया सुरक्षा का संदेश

**बिलासपुर लोकशक्ति।**

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रम विभाग द्वारा निःशुल्क श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जय दुर्गा ऑयल प्रा.लि., से बी इंडस्ट्रियल एरिया, सिरगिट्टी में संपन्न हुआ ढ्ढ शिविर में कुल 1072 श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें बीपी, शुगर, आंख, मुख एवं दंत जांच, स्त्रीरोग जांच तथा जनरल हेल्थ चेकअप शामिल रहा। स्वास्थ्य सेवाएं जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (श्वस्ढ्डष्ट) एवंअपोलो अस्पताल के डॉक्टरों की टीम द्वारा प्रदान की गई। आवश्यकतानुसार दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया।



इस स्वास्थ्य शिविर में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सहायक श्रमायुक्त श्रीमती ज्योति शर्मा, तथा उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विजय कुमार सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण कर श्रमिकों से संवाद भी किया और उनकी समस्याएं जानी। बिलासपुर क्षेत्र के विभिन्न कारखानों से आए महिला एवं पुरुष श्रमिकों ने इस शिविर में भाग लिया। शिविर की व्यवस्था और संचालन में श्रम विभाग का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के दौरान बी.ई.सी. फर्टिलाइज़र, सिरगिट्टी एवं एन.टी.पी.सी., सीपत द्वारा औद्योगिक सुरक्षा विषय पर नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित श्रमिकों और अधिकारियों ने खूब सराहा। नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से सुरक्षा नियमों की महत्ता को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग, बालोद**
// निविदा आमंत्रण सूचना //

कमांक– **5104 /व.ले.लि./NIT- 07 /2025–26/बालोद,** दिनांक :– **17-09-25**

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :– 03.10.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :– 16.10.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :– 17.10.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटीक्र . निविदा क्र. | कार्यका नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत(रू.लाख में) अमानत राशि बैंक साल्वेंसी |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 07 T0039 | लोक निर्माण विभाग संभाग बालोद के अंतर्गत पी.डब्ल्यू.डी. कॉलोनी बालोद में पुराना शासकीय आवासगृह का का डिस्टमेंटल कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 4-32 4350.00 64800.00 |

नियम व शर्ते :–
1) पंजीयन की छायाप्रति 2) पेन कार्ड की छायाप्रति 3) जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति 4) श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति 5) निविदाकारों की श्रेणी "द" से "अ" निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750.00 एवं कार्य की अवधि "1" माह होगी।

1. The dismantled matcrial will belong to the tenderer/bidder and he can dispose the same in my way he likes.
2. Tne tender rate/bid will cover the cost of all operatlons such as dismantling of the structure, removal of the dismanteled material and site clearance.
3. The tender/bid rate shall include the cost of the dismantled materials.

G-252603596/2

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.बालोद संभाग बालोद

# बेलपान मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

### जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान है स्वच्छता : राजेश सूर्यवंशी

**बिलासपुर लोकशक्ति।**

स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन ऐतिहासिक ग्राम बेलपान (तखतपुर )में साफसफाई अभियान चलाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी और कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अभियान में हाथ बटाया। उन्होंने मंदिर परिसर में ग्रामीणों और स्वच्छता तथा बिहान दीदियों की बैठक लेकर वर्ष 2047 में विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने की कार्ययोजना समझाई। महिलाओं को स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। स्वच्छता को आदत में शामिल करने की शपथ दिलाई गई। परिसर में एक पेड़ मां के नाम धार्मिक महत्व के आमला, बेल के पौधे भी लगाए गए। नर्मदा कुंड और परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप, जनपद पंचायत तखतपुर के अध्यक्ष डॉक्टर माधवी वस्त्रकार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, एसडीएम अरुण खलखो सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।



जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रथम कार्यकाल में वर्ष 2014 में स्वच्छता अभियान की जोरदार शुरुआत हुई । उस समय मुख्य रूप से शौचालय निर्माण पर जोर था । इसकी सफलता को लेकर कई लोगों ने शंका जाहिर की थी। बावजूद यह योजना सफल हुई। अब के समय में ज्यादा जोर संपूर्ण पर्यावरण की स्वच्छता पर है। लोगों में स्वच्छता के प्रति शुरुआती दौर में हिचकिचाहट थी लेकिन इसे लोग स्वेच्छा से अपना रहे हैं । उन्होंने कहा कि 2047 तक समृद्ध छत्तीसगढ़ तब बनेगा जब हम स्वच्छता को अपने जीवन का एक हिस्सा बना लें। जीवन में अनेक समस्याओं का समाधान स्वच्छता ही है ।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा की प्रधानमंत्री के आह्वान पर संपूर्ण देश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता एवं सेवा अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता को एक सीमित समय में बांधा नहीं जा सकता। ये संपूर्ण जीवनकाल तक चलने वाला एक आदत है। लेकिन अभियान के दौरान इसे जीवन में अपनाने का संकल्प ले सकते हैं।उन्होंने कहा की स्वच्छता अभियान को लेकर हम क्या छोटी-छोटी चीज कर सकते हैं, इस पर विचार करना चाहिए ।उन्होंने कहा की गंदगी हम स्वयं करते हैं, इसे कैसे कम कर सकें इस पर चर्चा किया जाए ।उन्होंने कहा कि सड़क पर से मवेशी बैठने की समस्या से कैसे निदान पाएं । ग्रामवासी मिलजुल कर इसका समाधान निकालसकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि इस समस्या को ग्रामवासी अपनी समस्या मानकर सामूहिक जिम्मेदारी लें तो निदान संभव है। कलेक्टर की अपील पर ग्रामीणों ने स्वच्छता दीदियों को सेवा शुल्क देने पर सहमति जताई। उन्होंने दीदियों की सराहना करते हुए कहा वे हमारे घर से कचरा नहीं बल्कि बीमारी उठा ले जाते हैं। हमें उनकी भूमिका को सकारात्मक रूप से समझना चाहिए। कलेक्टर ने लोगों को नशा पान से भी दूर रहने का सुझाव दिया। नशे का पैसा यदि बाल बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर लगे तो इससे बढ़िया कोई हो नहीं सकता । सीपत क्षेत्र में महिलाएं नशे के खिलाफअभियान छेड़ी हुई हैं जो की बहुत ही प्रशंसनीय है।

## रायपुर-राजिम-रायपुर मेमू पैसेंजर सेवा का शुभारंभ आज



**रायपुर ।** रायपुर और राजिम के बीच यात्रियों को अब सुगम और सस्ती रेल सेवा का विकल्प मिलेगा। 18 सितंबर को राजिम रेलवे स्टेशन से रायपुर-राजिम-रायपुर मेमू पैसेंजर सेवा की शुरुआत होगी। इस नई रेल सेवा का उद्घाटन सुबह 10ः30 बजे किया जाएगा।

कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल और रूपकुमारी चौधरी, विधायक इन्द्रकुमार साहू और रोहित साहू की उपस्थिति रहेगी। इस सेवा से ग्रामीण क्षेत्रों से राजधानी रायपुर तक आना-जाना आसान होगा। खासकर छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों के लिए यह ट्रेन काफी उपयोगी साबित होगी। इसके अलावा, राजिम जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल तक सीधी रेल पहुंच से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अनुसार, अभी तक रायपुर से अभनपुर तक चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन को अब राजिम तक विस्तारित किया जा रहा है। 19 सितंबर 2025 से गाड़ी संख्या 68766/68767 रायपुर-राजिम-रायपुर मेमू पैसेंजर प्रतिदिन दोनों ओर से नियमित समय-सारणी के अनुसार चलेगी। इस ट्रेन में 6 सामान्य श्रेणी के डिब्बे और 2 पावरकार सहित कुल 8 कोच होंगे। नई रेल सेवा से स्थानीय लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।

## कांग्रेस की रैली पर विवाद : 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान सवालों के घेरे में

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली में 17 सितंबर को कांग्रेस द्वारा आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली पर अब विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में कुछ महिलाएं यह दावा कर रही हैं कि उन्हें रैली में शामिल होने के लिए 100 से 200 रुपए तक दिए गए।वीडियो में कुछ महिलाएं यह कहती दिख रही हैं कि उन्हें 300 रुपए देने का वादा किया गया था, लेकिन कार्यक्रम समाप्त होने के बाद केवल 100 रुपए ही दिए गए। वे यह भी कह रही हैं कि वे अपना काम छोड़कर आई थीं, जिससे उनका पूरा दिन खराब हो गया।भाजपा नेता और नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस अब मुद्दाविहीन हो चुकी है और जनता की भागीदारी न होने पर किराए की भीड़ का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने खुद आकर बताया कि उन्हें नाश्ता-पानी और तय राशि भी नहीं मिली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए इसे विपक्ष की साजिश बताया। उनका कहना है कि रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता भी स्वस्फूर्त रूप से शामिल हुई थी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि हजारों लोगों को पैसे देकर नहीं लाया जा सकता। उनके अनुसार, जरहागांव से मुंगेली तक कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और भारी संख्या में आम लोग भी कार्यक्रम का हिस्सा बने।

## पीएम सूर्यघर से सूरज देगा बिजली, बदलेगा जिंदगी का हर कोना



**रायपुर।** देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने और हर घर तक स्वच्छ, सस्ती एवं निरंतर बिजली पहुँचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। यह महत्वाकांक्षी योजना न केवल नागरिकों को बिजली बिल से हमेशा के लिए राहत दिला रही है, बल्कि परिवारों को आत्मनिर्भर बनाते हुए पर्यावरण संरक्षण में भी क्रांतिकारी योगदान दे रही है। छत्तीसगढ़ में इस योजना का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में अत्यंत प्रभावी और संवेदनशील ढंग से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सौर ऊर्जा को अपनाने की गति तेज हुई है।

देश की ÷पावर कैपिटल÷ कहलाने वाले कोरबा जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का प्रभाव विशेष महत्व रखता है। यहाँ अनेक परिवार इस योजना का लाभ उठाकर हर महीने बचत कर रहे हैं और बिजली बिल आने जाने के झमेले से मुक्त हो रहे हैं। इन्हीं में से एक प्रेरक उदाहरण हैं नकटीखार, कोरबा निवासी रंजीत कुमार है, जिन्होंने अपने परिवार के जीवन में ऊर्जा क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया है।

श्री रंजीत कुमार जो एसईसीएल, कुसमुंडा में डंपर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं, मेहनतकश व्यक्ति हैं। हर महीने आने वाला बिजली बिल, परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें और बच्चों की पढ़ाई के खर्चों के बीच बिजली बिल अक्सर उनके बजट को बिगाड़ देते थे। यही कारण था कि जब प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत आवेदन कर इसका लाभ उठाने का निश्चय किया। दो माह पहले आवेदन करके उन्होंने अपने घर की छत पर सोलर पैनल सिस्टम लगवाया। जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए रही, 78 हजार रुपए केंद्र सरकार की सब्सिडी पहले ही मिल चुकी है। शेष राशि में उन्होंने सस्ती व आसान दर पर लोन लेकर तथा कुछ नकद भुगतान देकर किया। सिर्फ कुछ हफ्तों में ही यह निवेश उनके जीवन के लिए सबसे बड़ा वरदान साबित हुआ। पहले जहां उनके घर का बिजली बिल हर महीने एक हजारों रुपए तक पहुँच जाया करता था, वहीं अब सौर ऊर्जा से चल रहे घर का मासिक बिल मात्र 130 रुपए आ रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना केवल परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधारने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और पर्यावरण की भी बड़ी मित्र है। सौर ऊर्जा से न केवल कोयला और डीज़ल जैसे पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम होती है, बल्कि वायु प्रदूषण में भी भारी कमी आती है। कोरबा जैसे औद्योगिक जिले में, जहाँ कोयला आधारित बिजली उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है, वहां सौर ऊर्जा का बढ़ता उपयोग पर्यावरण संरक्षण में ऐतिहासिक योगदान है। परिवारों को बिजली बिल से मुक्तिमिल रही है, घरों में रोशनी और उपकरणों का संचालन संभव हो रहा है, लोग ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की बड़ी उपलब्धि






### प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस पर छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक उपलब्धि

**रायपुर।**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस पर छत्तीसगढ़ ने सामाजिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। सूरजपुर जिले की 75 ग्राम पंचायतों को ÷बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत÷ घोषित किया गया है। विगत दो वर्षों में इन पंचायतों में बाल विवाह का एक भी प्रकरण दर्ज न होने के आधार पर यह मान्यता प्रदान की गई। इस उपलब्धि के पीछे राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की सतत पहल, सक्रिय मार्गदर्शन और नेतृत्व को निर्णायक माना जा रहा है।उनके नेतृत्व में विभाग ने गाँव-गाँव तक जागरूकता अभियान चलाया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय किया तथा समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की। श्रीमती राजवाड़े ने कहा, कि सूरजपुर जिले की यह पहल केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। प्रधानमंत्री जी के अमृत महोत्सव वर्ष में यह उपलब्धि समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सशक्त संदेश है।जिला प्रशासन ने इस पहल की सफलता में महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय समुदाय की संयुक्त भूमिका की सराहना की। सभी के सामूहिक प्रयास से यह सुनिश्चित हुआ कि शिक्षा और जागरूकता को प्राथमिकता मिले और कोई भी बाल विवाह न हो।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 10 मार्च 2024 को ÷बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान÷ की शुरुआत हुई थी। यह अभियान यूनिसेफके सहयोग से और मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।राज्य सरकार ने बाल विवाह उन्मूलन को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा है और विभाग लगातार जनजागरूकता, निगरानी और सामाजिक सहभागिता को मजबूत कर रहा है।सूरजपुर की इस सफलता से प्रेरित होकर अब छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी पंचायतों और नगरीय निकायों को ÷बाल विवाह मुक्त÷ घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिन जिलों में विगत दो वर्षों में बाल विवाह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, वहां शीघ्र ही प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

## तेज रफ्तार बस पलटी, एक महिला की मौके पर मौत, 5 घायल; चालक फरार

**जशपुर ।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में आज सुबह एक भयानक सड़क हादसे ने सबको स्तब्ध कर दिया। कांसाबेल थाना क्षेत्र के बरजोर इलाके में फरसाबहार से अंबिकापुर जा रही एक यात्री बस तेज रफ्तार के चलते अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में एक महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। कई अन्य यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों को तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, बस में करीब 30-40 यात्री सवार थे, जो सुबह के समय सामान्य यात्रा पर थे। हादसा उस समय हुआ जब चालक ने गति पर काबू नहीं रखा और वाहन सड़क किनारे पलट गया। घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोग तुरंत सहायता के लिए पहुंचे।

## दुर्ग में ईडी की छापेमारी, कस्टम मिलिंग घोटाले से जुड़ी जांच तेज

**दुर्ग।** दुर्ग से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने एक बार फिर कस्टम मिलिंग घोटाले से जुड़े मामले में छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, दो गाड़ियों में सवार होकर ईडी के छह अधिकारी भिलाई के हुडको क्षेत्र पहुंचे और एक स्थानीय निवासी सुधाकर रावके के घर पर दबिश दी। सूत्रों के अनुसार, ईडी की यह कार्रवाई लगभग 140 करोड़ रुपये के कस्टम मिलिंग घोटाले की जांच से जुड़ी है। इस मामले में पूर्व में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और कारोबारी अनवर ढेबर की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब जांच एजेंसी ने मामले की परतें और गहराई से खोलनी शुरू कर दी है। ईडी अधिकारी सुधाकर रावके के घर पर दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रहे हैं। साथ ही, परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई आज सुबह से शुरू हुई और देर तक चलने की संभावना है।गौरतलब है कि कस्टम मिलिंग घोटाला राज्य का एक बड़ा वित्तीय घोटाला माना जा रहा है, जिसमें सरकारी अनाज की प्रोसेसिंग और वितरण में भारी अनियमितताओं का आरोप है। ईडी इस मामले में धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) की कड़ी जोड़ने में जुटी है। अधिकारियों द्वारा जब्त दस्तावेजों और पूछताछ के आधार पर आने वाले समय में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# अमृत सरोवर से मिल रही आर्थिक उन्नति, करीब 650 महिलाओं को मिला रोजगार



**रायपुर।** दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत बोरिंदा में निर्मित अमृत सरोवर अब सिर्फ जल संरक्षण का साधन नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए सशक्त आजीविका का केंद्र बन चुका है। इस तालाब के माध्यम से ÷शीतल स्वास्थ्य समूह÷ की 12 महिला सदस्य संगठित होकर मछली पालन कर रही हैं। मनरेगा योजना के अंतर्गत बना यह अमृत सरोवर अब ग्रामीणों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सफल उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। तालाब में अब तक 1,00,000 से अधिक मछलियों (बीज) का संचयन किया गया है और नियमित उचित आहार फीड व बीज की व्यवस्था की जा रही है ताकि उत्पादन बढ़े और मछलियों की सेहत बनी रहे।शीतल स्वास्थ्य समूह की महिलाएं ने बताया कि यह काम उन्हें नियमित आमदनी देने की संभावनाएँ दिखा रहा है। उनकी योजना अब इस गतिविधि को व्यवसायिक स्तर तक ले जाने की है, जिससे भविष्य में और अधिक लाभ मिल सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग दुबे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अमृत सरोवर केवल जल संरक्षण का माध्यम नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन का भी एक सशक्त स्रोत बन सकता है। बोरिंदा की महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि यदि सही संसाधन व समर्थन हो, तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं।

इस तालाब के किनारों पर लगभग 10-15 एकड़ क्षेत्र में किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल रही है जिससे खरीफ एवं रबी दोनों में फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। तालाब में 10,000 घन मीटर पानी का भंडारण संभव है। इसके अलावा तालाब के किनारे आम, बरगद, पीपल, नीम, बादाम, अशोक जैसे लगभग 60 पौधे रोपित किए गए हैं, जिससे हरियाली बढ़ी है और पर्यावरण को भी लाभ मिला है। जिले में अब तक कुल 123 अमृत सरोवरों का निर्माण हो चुका है, जिनमें से 65 सरोवरों में महिलाओं द्वारा आजीविका गतिविधियाँ शुरू हुई हैं। प्रत्येक समूह में लगभग 10 10 महिलाएँ सक्रिय हैं, जिससे कुल मिलाकर लगभग 650 महिलाएँ इन तालाबों से मछली पालन के माध्यम से लाभ उठा रही हैं। तालाबों के किनारे मछली सुखाने के लिए चबूतरे बनाए गए हैं, जिससे मछली प्रसंस्करण और विपणन में सुविधा हो रही है। ग्रामवासियों द्वारा किए जा रहे मछली पालन से न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है, बल्कि ग्राम पंचायत की आय में भी वृद्धि हो रही है।

## पीएम के जन्मदिवस पर स्वच्छता और सेवा कार्यों में जुटे भाजपा पदाधिकारी



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के.के. शर्मा ने रायपुर स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। इसके पश्चात मंदिर परिसर एवं वीआईपी रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान %एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत श्रीराम मंदिर परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस आयोजन में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उपस्थित लोगों में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक नंदकुमार साहू, हर्षिता शर्मा, वार्ड पार्षद डॉ. अनामिका सिंह, आकाश विग, मंडल अध्यक्ष भीमवंत निषाद, विनय निर्मलकर, वाल्सल मूर्ति, प्रभा विश्वकर्मा, राजकुमार राठी, विलास सुतार, तोषण साहू, संजय नागर, जितेंद्र नाग सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।उधर, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने सेवा पखवाड़ा की शुरुआत के मौके पर माना कैंप स्थित पीएमश्री आत्मानंद हाई स्कूल में आयोजित स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने छात्रों और विद्यालय स्टाफ को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की।सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न सामाजिक, सेवा एवं जनजागरण गतिविधियों के साथ प्रदेशभर में आयोजित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री साय ने किया श्रम विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर के इंडोर स्टेडियम में श्रम विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती और विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा 12 से 19 सितम्बर तक प्रदेश के सभी जिलों में 55 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क दवा वितरण, श्रमिक पंजीयन और नवीनीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। निर्माण श्रमिकों के कौशल उन्नयन के लिए महासमुंद, बिलासपुर और राजनांदगांव जिलों में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। अन्य जिलों में भी श्रमिकों को प्रशिक्षण देने की तैयारी की जा रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महासम्मेलन स्थल पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा संबंधी सामग्री और विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कर्मचारी राज्य बीमा सेवाओं द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। वहीं श्रम कल्याण मंडल द्वारा श्रमिकों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया।

श्रमिक महासम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों को करोड़ों रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के तहत 1.77 लाख से अधिक श्रमिकों को 58.32 करोड़ रुपये, असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत 3,839 श्रमिकों को 4.77 करोड़ रुपये तथा श्रम कल्याण मंडल के तहत 3,332 श्रमिकों को 2.06 करोड़ रुपये की सहायता राशि हितग्राहियों के खातों में सीधे अंतरित की गई। इसमें दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, सिलाई मशीन सहायता योजना और सायकल सहायता योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत राशि सीधे श्रमिकों के खातों में जमा की गई।

## आदि कर्मयोगी अभियान से जनजातीय गांवों में आएगा जमीनी बदलाव, मुख्यमंत्री ने किया आदि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर रायपुर के सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में मुख्यमंत्री ने आदि सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय गांवों में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति विकास मंत्री, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी जनजातीय गांवों के लिए ÷ट्राइबल विजन डॉक्यूमेंट 2030÷ तैयार किया जाएगा, जो उनके दीर्घकालिक विकास की रूपरेखा बनेगा। यह दस्तावेज आगामी 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं में अनुमोदित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ मध्यप्रदेश के धार से किया है। अभियान का उद्देश्य जनजातीय गांवों में नेतृत्व क्षमता को विकसित करना है। इसके लिए ऐसे वालंटियर चिन्हांकित किए जाएंगे, जो गांव के विकास के लिए विजन रखते हों और उसे ज़मीन पर लागू कर सकें। पूरे देश में 20 लाख वालंटियर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से छत्तीसगढ़ के 6,650 गांवों में 1.33 लाख वालंटियर तैयार किए जाएंगे। प्रदेश में आदि सेवा केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं, जहां ग्रामीण सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे और अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज की विरासत हमेशा गौरवशाली रही है। राज्य सरकार वीरनारायण सिंह और गुंडाधुर जैसे जनजातीय नायकों से प्रेरणा लेकर कार्य कर रही है। नवा रायपुर में जनजातीय नायकों की स्मृतियों को सहेजने के लिए म्यूजियम बनाया जा रहा है, वहीं ट्राइबल म्यूजियम में जनजातीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिलती है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई पीएम जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के तहत मिलने वाले बजट से तेज़ी से काम किया जा रहा है।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)